
हरिभूमि
# रायपुर भूमि









## शिव शरण में शहर...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सावन के दूसरे सोमवार शहर शिवमय रहा। छछानपैरी शिव मंदिर से लेकर शहर के भीतर स्थित प्राचीन शिव मंदिरों में अलौकिक रूप में महादेव के दर्शन हुए। नरहरेश्वर महादेव मंदिर में बाबा बर्फानी के दर्शन हुए। पंडरी में लंबी दूरी तय करके आए कांवड़िए बनाए गए आश्रय में विश्राम करते नजर आए। महादेव घाट सहित अन्य मंदिरों में महाकाल, रौद्र रूप सहित अन्य स्वरूपों में भोलेनाथ का श्रृंगार हुआ।

B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

निष्क्रिय आधार वाले भी थोक में, विभाग कर रहा भौतिक सत्यापन, नाम किए जा रहे डिलिट

# राशनकार्ड में 18000 से ज्यादा 100 प्लस बुजुर्ग कई हो चुके दिवंगत, पर राशन बंद नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 18 हजार से ज्यादा ऐसे राशन कार्ड सदस्य हैं, जिनकी उम्र 100 प्लस है। इनमें कई की मृत्यु हो चुकी हैं, लेकिन इसके बाद भी उनके नाम पर उचित मूल्य की दुकानों से हर महीने खाद्यान्न उठ रहा है। इसके अलावा प्रदेश में 10 लाख 55 हजार 90 सदस्य ऐसे भी हैं, जिनके आधार निष्क्रिय हैं यानी उनमें भी बहुतों की मौत हो चुकी है। आधार को अपडेट नहीं कराने वालों की संख्या भी कम नहीं है। इसके बाद भी इनमें से हजारों सदस्यों के नाम पर राशन दुकानों से लिया जा रहा है। ये आंकड़े भी ई-केवाईसी की प्रक्रिया के बाद खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की रिपोर्ट में सामने आए हैं। इन आंकड़ों के आधार पर सभी जिलों के विभागीय कार्यालयों को मृत और निष्क्रिय आधार वाले सदस्यों के नाम को डिलीट करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत अब 100 प्लस और निष्क्रिय आधार वाले सदस्यों की पहचान कर उनके नाम ऑनलाइन रिकार्ड से हटाने की कार्यवाही विभाग ने शुरू कर दी है।

हरिभूमि सरोकार

### ई-केवायसी की प्रक्रिया में खुलासा अब खाद्य विभाग कार्रवाई में जुटा





### 100 प्लस सदस्यों की संख्या बिलासपुर-जशपुर में सबसे ज्यादा

राशन कार्ड में 100 प्लस सदस्यों के नाम प्रदेश में सबसे ज्यादा बिलासपुर जिले में हैं। यहां इनकी संख्या 163 है, वहीं दूसरे नंबर पर जशपुर जिला है, जहां इनकी संख्या 119 है। इनमें कितने लोगों की मृत्यु हो चुकी है, इसका आंकड़ा विभाग के पास भी फिलहाल नहीं है। इधर विभाग से मिले निर्देश के बाद सभी जिलों में 100 प्लस वाले सदस्यों का पता लगाया जा रहा है कि उनमें कितने जीवित और कितनों की मृत्यु हो चुकी है। जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उस सदस्य के नाम को डिलीट किया जा रहा है। रायपुर जिले की बात करें, तो यहां भी 100 प्लस के 71 सदस्यों को जीवित बताकर उनमें बहुतों के कोटे का राशन उनके परिवार वाले दुकान से उठा रहे हैं।

### एक नजर... 100 प्लस एवं निष्क्रिय आधार सदस्यों की संख्या

| | 100 प्लस | निष्क्रिय आधार | | 100 प्लस | निष्क्रिय आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 71 | 9356 | कवर्धा | 69 | 3774 |
| दुर्ग | 52 | 8701 | राजनांदगांव | 45 | 3953 |
| बस्तर | 33 | 2726 | बलौदाबाजार | 90 | 4005 |
| बीजापुर | 8 | 769 | धमतरी | 53 | 2769 |
| दंतेवाड़ा | 7 | 949 | गरियाबंद | 31 | 1963 |
| कांकेर | 32 | 2701 | महासमुंद | 75 | 5042 |
| कोंडागांव | 40 | 2117 | बलरामपुर | 76 | 1904 |
| नारायणपुर | 4 | 501 | जशपुर | 119 | 5681 |
| सुकमा | 4 | 1249 | कोरिया | 19 | 926 |
| बिलासपुर | 163 | 5841 | सरगुजा | 95 | 4530 |
| गौपेंम | 26 | 1314 | सूरजपुर | 86 | 2233 |
| जांजगीर | 90 | 4949 | खैरागढ़-गंडई | 24 | 2258 |
| कोरबा | 66 | 4758 | मोहला-मानपुर | 20 | 1225 |
| मुंगेली | 98 | 1418 | सक्ती | 64 | 4780 |
| रायगढ़ | 75 | 2377 | सारंगढ़-बिलाईगढ़ | 50 | 2454 |
| बालोद | 32 | 3073 | मनेंद्रगढ़-चिरमिरी | 27 | 2028 |
| बेमेतरा | 62 | 3266 | | | |

### निष्क्रिय आधार वाले सदस्यों की संख्या रायपुर-दुर्ग में सर्वाधिक

प्रदेश में निष्क्रिय आधार वाले सदस्यों की कुल 105590 संख्या है। इनमें सर्वाधिक संख्या 9356 रायपुर और 8701 दुर्ग जिले में है। नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा तथा कोरिया जिले में इनकी संख्या एक हजार ▶▶|शेष पेज 11 पर

### मृत्यु और निष्क्रिय आधार वाले सदस्य के नाम डिलीट किए जा रहे

वन नेशन वन योजना के तहत ई-केवाईसी के बाद 100 प्लस और निष्क्रिय आधार सदस्यों के आंकड़े सामने आए हैं। इसके तहत मृत्यु और निष्क्रिय आधार वाले सदस्यों का भौतिक सत्यापन कर उनके नाम डिलीट किए जा रहे हैं।

- **भूपेंद्र मिश्रा,** नियंत्रक, खाद्य विभाग रायपुर

व्यापम ने बदला समय

## अब एक घंटे देर से होगी परीक्षा, 15 की जगह 30 मिनट पहले बंद होगा प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने एक बार फिर अपने नियमों में परिवर्तन किया है। अब व्यापम की परीक्षाएं एक घंटे विलंब से प्रारंभ होंगी। एक पाली में आयोजित होने वाली परीक्षाओं का समय पूर्व में 10 से 12.15 बजे तक निर्धारित था। अब एक पाली में होने वाली प्रत्येक परीक्षाएं सुबह 11 बजे प्रारंभ होंगी और 1.15 बजे तक चलेंगी। यह व्यवस्था इसलिए की गई है ताकि कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा दिलाने से वंचित ना रहे। कई परीक्षाएं ऐसी होती हैं, जिनमें कुछ ही जिलों में केंद्र बनाए जाते हैं। इस स्थिति में परीक्षा दिलाने कैंडिडेट्स को दूसरे जिलों से आना पड़ता है। बिलासपुर नकल प्रकरण के बाद जांच संबंधित नई व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। इसमें भी पूर्व की तुलना में अधिक समय लग रहा है। परीक्षा समय में वृद्धि का यह भी एक कारण रहा। गौरतलब है कि रविवार को जल संसाधन विभाग के अंतर्गत हुई इंजीनियर भर्ती परीक्षा में राजधानी रायपुर के केंद्रों में लगभग 20 परीक्षार्थियों को विलंब से आने के कारण प्रवेश नहीं दिया गया था।

### नहीं मिला जांच के लिए पर्याप्त वक्त

इसके अलावा एक अन्य बदलाव मुख्य प्रवेश द्वार के बंद होने को लेकर की गई है। व्यापम द्वारा बिलासपुर नकल प्रकरण के बाद व्यवस्था की गई थी कि मुख्य द्वार को 15 मिनट पूर्व बंद कर दिया जाएगा। रविवार को हुई इंजीनियर भर्ती परीक्षा में यह व्यवस्था लागू रही।

## खबर संक्षेप

### 48 किलो गांजा जब्त, बिहार के तीन तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर।** गंज थाना तथा क्राइम ब्रांच की टीम ने रेलवे स्टेशन के पास बिहार के तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से पांच लाख रुपए कीमत का 48 किलो गांजा जब्त किया है। गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने पश्चिम चंपारण निवासी प्रदीप कुमार सनोडिया, दिनेश गुप्ता तथा विनोद गुप्ता को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपियों ने उक्त गांजा ओडिशा संबलपुर से ट्रेन के रास्ते तस्करी कर लाना बताया।

### सड़क दुर्घटना रोकने जिले में 4 हजार पुलिस मितान



**रायपुर।** सड़क दुर्घटना होने पर मदद लेने तथा दुर्घटना रोकने एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देश पर शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस मितान बनाया जा रहा है। जिले में अब तक चार हजार पुलिस मितान बनाए जा चुके हैं। कालीबाड़ी स्थित ट्रैफिक थाने में सोमवार को पुलिस मितान की बैठक बुलाकर उन्हें दुर्घटना रोकने उपाय तथा घायलों की मदद करने के बारे में जानकारी दी गई। एसएसपी ने सभी पुलिस मितान को बधाई देते हुए सड़क दुर्घटना रोकने तथा घायलों को त्वरित उपचार कैसे मिले, इस संबंध में जानकारी दी।

### दोपहिया वाहन बरामद दो आरोपी पकड़े गए

**रायपुर।** टिकरापारा पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी करने के आरोप में दो शातिरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी का दोपहिया वाहन जब्त किया है। शुभम जुर्री की शिकायत पर पुलिस ने दोपहिया चोरी करने के आरोप में डाकेश कुमार यादव तथा अहमद रजा उर्फ शाकिब को गिरफ्तार किया है। शुभम ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 15 जुलाई को वह अपने दोस्त से मिलने बोरियाखुर्द गया था। घर के बाहर दोपहिया खड़ी की थी। दोस्त से मिलकर निकलने के बाद अज्ञात चोर शुभम की दोपहिया चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फूटेज के आधार पर दोनों वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है।

### आपसी रंजिश के चलते रास्ते में रोककर मारपीट

**रायपुर।** विधानसभा थाने में एक व्यक्ति ने पूर्णिमा साहू तथा अन्य के खिलाफ आपसी रंजिश के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बरौदा निवासी भागवत साहू ने मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। भागवत ने पुलिस को बताया कि आपसी रंजिश के चलते पूर्णिमा अन्य लोगों के साथ मिलकर भागवत को रास्ते में रोककर मारपीट की।

## शराब घोटाला, कमीशन उगाही करने के आरोप में ईओडब्लू ने सीए सहित तीन को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शराब घोटाला के आरोप में ईओडब्लू, एसीबी की टीम ने रविवार को पेशे से सीए उसके भाई तथा घोटाला के आरोप में जेल में बंद अरविंद सिंह के भतीजा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को सोमवार को ईओडब्लू, एसीबी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। घोटाले के आरोप में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ करने ईओडब्लू के आवेदन पर स्पेशल कोर्ट ने तीनों को 26 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर देने का फैसला सुनाया है। ईओडब्लू, एसीबी ने पेशे से सीए संजय कुमार मिश्रा, उसके ▶▶|शेष पेज 11 पर

- गिरफ्तार आरोपियों में शराब सप्लाई करने वाली कंपनी के संचालक भाई भी शामिल



### सिंडिकेट को मिलता था 60 प्रतिशत कमीशन

ईओडब्लू के आरोपों के मुताबिक शराब निर्माता कपनियां पहले इन लाइसेंसी कंपनियों को शराब सप्लाई करतीं, फिर उस कीमत पर 10 प्रतिशत का मार्जिन जोड़कर यह कपनियां आबकारी विभाग के सीएसएमसीएल को शराब बेचती थीं। इस प्रकार 10 प्रतिशत का अतिरिक्त लाभ इन लाइसेंसी कपनियों को हो रहा था। इस लाभ का 60 प्रतिशत हिस्सा सिंडीकेट को जाता था, शेष 40 प्रतिशत हिस्सा लाइसेंसी कपनियां स्वयं रखती थीं। इस दोषपूर्ण लाइसेंसी व्यवस्था के कारण सरकार के राजस्व में करोड़ों का नुकसान हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा अपने लाभ के हिस्से का 60 प्रतिशत हिस्सा सिंडीकेट के प्रमुख अनवर ढेबर, अनिल टूटेजा तथा अन्य लोगों तक पहुंचाया जाता था।

## फिनाइल, हैंडवॉश बनाने वाली भाठागांव और गुढ़ियारी की फैक्ट्री में औषधि विभाग का छापा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

फिनाइल और हैंडवॉश बनाने वाली भाठागांव और गुढ़ियारी की दो फैक्ट्री में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सोमवार को छापा मारा। जांच के बाद वहां फिनाइल और हैंडवाश के साथ करीब साढ़े छह लाख का सामान जब्त किया है। जांच के दौरान दोनों फैक्ट्री के मालिकों ने विभागीय तौर पर किसी तरह का लाइसेंस नहीं लिया था। खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम अवैध रूप ▶▶|शेष पेज 11 पर

- साढ़े छह लाख का सामान जब्त, बिना लाइसेंस चल रहा था कारोबार



### रिकार्ड नहीं, दवा कंपनी को नोटिस

नारकोटिक दवाओं का रिकार्ड एवं रजिस्टर का उचित रखरखाव नहीं करने की शिकायत पर डूमरतराई के दवा बाजार में संचालित मेसर्स वेनोर नामक संस्थान को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। दवा कंपनी पहुंची टीम को वहां दवाओं के कुछ फर्जी प्रिस्क्रिप्शन भी मिले है।जिस आधार पर विभागीय टीम आगे जांच कर रही है।

## चैतन्य की गिरफ्तारी के विरोध में राजधानी के इन सात स्थानों पर आर्थिक नाकेबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे की गिरफ्तारी के विरोध में मंगलवार को राज्य के सभी 33 जिलों में आर्थिक नाकेबंदी की जाएगी। आर्थिक नाकेबंदी के कारण मालवाहक गाड़ियों की आवाजाही रोकने कांग्रेस कार्यकर्ता चक्का जाम करेंगे। चक्का जाम में यात्री गाड़ियों के सुचारू रूप से संचालन के लिए कांग्रेस नेताओं ने पुलिस को आश्वासन दिया है। चक्का जाम दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा। आर्थिक नाकेबंदी करने रायपुर ▶▶|शेष पेज 11 पर

- मालवाहक वाहनों को छोड़ अन्य वाहनों को नहीं रोका जाएगा

### रायपुर जिले में इन स्थानों पर चक्काजाम

- मैग्नेटो मॉल के पास हाइवे - शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे के नेतृत्व में
- विधानसभा रोड सकरी - नारायण कुर्रे, पप्पू बंजारे के नेतृत्व में
- दिलबाग ढाबा के पास, साकरा - सांसद छाया वर्मा, अनीता योगेंद्र शर्मा के नेतृत्व में
- अभनपुर मोहन ढाबा - जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू के नेतृत्व में
- आरंग रसनी - पूर्व विधायक शिवकुमार डहरिया के नेतृत्व में
- तिल्दा के दीनदयाल उपाध्याय चौक - कांग्रेस प्रवक्ता शैलेश नितिन त्रिवेदी के नेतृत्व में
- बुडेरा आजाद चौक के पास खरोरा - ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में

### तीन घंटे से ज्यादा प्रभावित होगा मार्ग

आर्थिक नाकेबंदी के लिए चक्का जाम हालांकि दो घंटे के लिए किया जा रहा है। दो घंटे के चक्काजाम से सबसे ज्यादा नेशनल हाईवे का मार्ग प्रभावित होगा। हाईवे में भारी वाहनों की लंबी कतारें लग जाएंगी। इसके कारण ट्रैफिक स्मूथ होने में तीन से चार घंटे का समय लग सकता है। सभी जिलों में चक्का जाम होने से गाड़ियां अपने यथावत स्थानों पर खड़ी हो जाएंगी। इससे मालवाहक गाड़ियों की किसी एक जगह एकत्र होने के बजाय चारों दिशाओं में अलग-अलग स्थानों पर रुकी रहेंगी।

राखी के लिए कारोबारियों ने मंगाया था, इस बार 20 दिन पहले एक्टिव हुई टीम

खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की कार्रवाई

## रेलवे स्टेशन से 1535 किलो पनीर, बस स्टैंड से 450 किलो चीज जब्त, जांच के लिए उठाए गए सैंपल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राखी में बिक्री के लिए दूसरे राज्यों से मंगाए गए डेयरी प्रोडक्ट खाद्य एवं औषधि प्रशासन की जांच के दायरे में आ गया है। एफडीए की टीम ने सोमवार को रेलवे स्टेशन से 1535 किलो पनीर और बस स्टैण्ड से 450 किलो चीज जब्त किया है। संदेह के आधार पर उनके सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजा गया है। त्योहार को देखते हुए विभागीय टीम इस बार 20 दिन पहले एक्टिव हो गई है।





जानकारी के अनुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन के नियंत्रक दीपक अग्रवाल के निर्देश पर विभागीय टीम त्योहार में अच्छे कारोबार के लिए दूसरे राज्यों से मंगाए जाने वाले पनीर सहित अन्य डेयरी उत्पादों पर नजर रखे हुए है। सूचना के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी सिद्धार्थ पांडे, एहसान तिग्गा एवं सतीश राज की संयुक्त टीम रेलवे स्टेशन पहुंची और वहां से 1535 किलो पनीर का स्टॉक बरामद किया। पूछताछ के दौरान बोरियाखुर्द के श्री डेयरी एंड स्वीट्स के प्रोपराइटर सौरभ शर्मा उपस्थित हुए। उन्होंने पनीर का आर्डर दिए जाने की जानकारी दी। जांच टीम ने लूज पनीर के अलावा पैक्ड फ्रेश मिल्क मैजिक मलाई पनीर और सतीश पैक्ड सुधा अमृत पनीर का विधिक नमूना संग्रहित किया। जांच रिपोर्ट आने तक लगभग 3.34 लाख रुपये के पनीर को प्रोपराइटर सौरभ शर्मा की अभिरक्षा में रखकर नियमानुसार सीज किया है। इसी तरह खाद्य ▶▶|शेष पेज 11 पर

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

## खबर संक्षेप

### बघेल पुत्र की गिरफ्तारी परआज कांग्रेस की नाकेबंदी

**तिल्दा नेवरा।** आर्थिक नाकेबंदी के तहत तिल्दा नेवरा के कांग्रेसी पंडित दीनदयाल चौक के पास करेंगे आर्थिक नाकेबंदी। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सुपुत्र चैतन्य बघेल को ईडी द्वारा गिरफ्तार किया गया है जिसके विरोध में पूरे प्रदेश में आज मंगलवार को आर्थिक नाकेबंदी की जा रही है , इसी परिपेक्ष में तिल्दा नेवरा शहर के कांग्रेसियों द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर आर्थिक नाकेबंदी कर विरोध करेंगे। साथ ही केंद्र सरकार भाजपा सरकार एवं ईडी के खिलाफ नारेबाजी भी करेंगे। इस अवसर पर शहर व क्षेत्र के कांग्रेसी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

### गैस एजेंसी के कर्मचारी ने की आत्महत्या

**आरंग।** आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम कलई में 53 वर्षीय ध्रुव कुमार (परस) लोधी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक आरंग के गिरिजा इंडेन गैस एजेंसी में काम करता था। गांव के सरपंच की सूचना पर आरंग पुलिस मौके पर पहुंच कर जाँच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने मौके से एक सुसाइड नोट भी प्राप्त हुआ है। आपको बता दें कि ध्रुव कुमार दिन के वक्त ऑफिस का कार्य करता था तथा रात के समय वह ग्राम कलई स्थित गैस गोदाम में चौकीदारी करता तथा वही सोता था। पुलिस द्वारा बरामद सुसाइड नोट में बरामद किया गया है। पुलिस मामले की जांच की रही है।

### सीएम से गौठान योजना को फिर से शुरू करने की मांग

**अभनपुर।** फ़तीश लोक



सांस्कृतिक एवं जन सेवा समिति के प्रदेशाध्यक्ष एवं कांग्रेस नेता फ़तीश साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार की बंद पड़ी गोठान योजनाओं को पुनः लागू किया जाए। उन्होंने बताया कि इस योजना से 7,000 गांवों की 70,000 एकड़ शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त हुई थी और ग्रामीणों, महिलाओं व युवाओं को स्थानीय रोजगार मिला था। वर्तमान में योजना बंद होने से लोग बेरोजगार हो गए हैं और आवारा मवेशियों के कारण सडकों पर हादसे बढ़ गए हैं व किसान चिंतित हैं। फ़तीश साहू ने आग्रह किया कि सरकार को जनहित योजनाओं पर राजनीति से ऊपर उठकर निर्णय लेना चाहिए। इस मांग में टिकेंद्र बघेल, धनेश्वरी डाडे, नंदकुमार साहू, विमल साहू, डॉ. ओमप्रकाश साहू,जयवर्धन बघेल,प्रमोद मंडल,पन्ना लाल नवरंगे,लखन साहू,सिकुन कोसे,मुन्ना बांधे सहित कई समाजसेवियों व ग्रामीणों ने समर्थन दिया है।

### प्राचीन बरगद की डाली टूटी प्रतिमा स्थल हुआ क्षतिग्रस्त



**तिल्दा नेवरा** ।समीपस्त ग्राम पंचायत ताराशिव में पंचायत भवन परिसर पर स्थित लगभग 500 साल पुराना बरगद का पेड़ का एक मोटा डाल गिरने से अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। प्रत्यक्षदर्शी सरपंच प्रतिनिधि श्री मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि जिस समय यह डाल टूट कर गिरा उस समय बारिश हो रही थी । और वहां पर कोई जनमानस नहीं होने के कारण से अप्रिय स्थिति निर्मित नहीं हुई। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना से कोई हताहत नहीं हुआ तथा किसी प्रकार की जनधन की हानि नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि उल्लेखनीय इस परिसर में स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ भी संचालित होता है ।जिसमें सैकड़ो बच्चे अध्ययन करते हैं । घटना शाम 5:00 बजे के आसपास की है । विद्यालय बंद हो चुका था अगर विद्यालय समय में घटना घटती तो जनधन की हानि हो सकती थी। उक्त परिसर पर उक्त परिसर पर स्वामी आत्मानंद विद्यापीठ के साथ-साथ पंचायत भवन तथा शीतला माता मंदिर भी स्थित है जहां पर श्रद्धालु भक्तजन रोज पूजा अर्चना करने आते हैं।

# सावन उत्सव प्रकृति के सौंदर्य और नवजीवन का है प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन महिला इकाई की जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रभा तिवारी के नेतृत्व में एक स्थानीय होटल में सावन माह में 'सावन झूला उत्सव' का भव्य आयोजन किया गया।

इस उत्सव में वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन और ब्राह्मण समाज की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य समृद्ध परंपराओं और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाना था।

**महिला ब्राह्मण फेडरेशन ने धूमधाम से मनाया सावन झूला उत्सव**



#### पारंपरिक गीत-संगीत का शानदार प्रदर्शन

कार्यक्रम में पारंपरिक गीत-संगीत का भी शानदार आयोजन हुआ, जहाँ महिलाओं ने सावन के लोकगीत गाए और लोकनृत्य प्रस्तुत किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण हो गया। सभी ने झूले का आनंद लिया और एक-दूसरे को सावन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए सभी को 'माँ के नाम एक पौधा' उपहार में दिया गया। इस सावन उत्सव में श्रीमती दिव्या चतुर्वेदी विनर रहीं और श्रीमती नेहा शुक्ला रनर-अप रहीं। कार्यक्रम का समापन स्वादिष्ट भोजन प्रसादी के साथ हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रभा तिवारी, डॉ. आरती पांडे, विमलेश तिवारी, दिव्या चतुर्वेदी, रेखा दुबे, अर्चना शुक्ला, शशि तिवारी, मनीषा मिश्रा, श्वेता पांडे, प्रेमलता दुबे, ऋचा दुबे, सुषमा पांडे, रश्मि चौबे, ज्योति तिवारी, ज्योति शुक्ला, संध्या शर्मा, साधना दुबे, प्रभा मिश्रा, नेहा शुक्ला, पिंकी पांडे, श्रुति भार्गव, श्रुति पांडे, श्वेता शुक्ला, गायत्री शुक्ला, अंशुल पांडे बॉबी, रेखा तिवारी, नंदिनी दुबे, बीना मिश्रा, रानी पांडे, रेनू तिवारी, करुणा तिवारी, पूर्णिमा दुबे सहित कई प्रमुख विप्रजन उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वर्ल्ड ब्राम्हण महिला इकाई बिलासपुर की श्रीमती प्रभा तिवारी ने सावन मास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे भगवान शिव को समर्पित, प्रकृति के सौंदर्य और नवजीवन का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि सावन की हरियाली और सकारात्मक ऊर्जा मन को शांति प्रदान करती है। उन्होंने यह भी जोर दिया कि झूला उत्सव आपसी सौहार्द, प्रेम और एकता का संदेश देता है, जिससे संबंध प्रगाढ़ होते हैं और युवा पीढ़ी अपनी संस्कृति व मूल्यों से जुड़ती है।

## आस पास के गाँव से महिलाओं ने मशाल रैली निकाली और ज्ञापन सौंपा

# शराब दुकान के खिलाफ जारी धरना विधायक के आश्वासन पर समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी





ग्राम दोन्दे खुर्द के ग्रामीण शासन द्वारा नवीन शराब दुकान खोले जाने के अनुज्ञा दिनाँक से लेकर एक सर्वदलीय संघर्ष समिति बनाकर लगातार विरोध दर्ज करा रहे थे एवं अनिश्चित कालीन धरना 28 दिनों तक अनवरत जारी रहा। इसी बीच गाँव की नारी शक्ति एवं आस पास के गाँव से महिलाओं द्वारा मशाल रैली , एक दिवसीय सांकेतिक धरना एवं लगभग सैकड़ो की संख्या में क्षेत्रीय विधायक श्री अनुज शर्मा के निवास जाकर निवेदन किया गया था कि हमारे गाँव मे शराब दुकान न खोला जाए साथ ही कलेक्टर महोदय से मिलकर भी निवेदन किया गया। ग्रामीणो द्वारा राजधानी रायपुर पहुचकर बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी के प्रतिमा के नीचे लगभग 3 घंटो तक विरोध शराब दुकान स्थापना के सम्बंध में विरोध दर्ज कराया गया।

- दोंदे में नवीन शराब दुकान खोलने के विरोध में 28 दिनों तक ग्रामीणों ने दिया धरना

**विधायक ने मंच पर घोषणा की :** ज्ञात हो कि इस नवीन शराब दुकान खोले जाने के विरोध में समीपस्थ ग्राम पंचायतों एवं प्रस्तावित ग्राम पंचायत दोन्दे खुर्द , लालपुर , छपोरा , मटिया , दोन्दे कला द्वारा ग्राम सभा कर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि हमारे गाँव के आस पास नई शराब दुकान न खोला जाए , प्रस्तावित सभी ग्राम सभा की सत्य प्रतिलिपि को कलेक्टर एवं आबकारी उपायुक्त को संघर्ष समिति एवं ग्रामीणों द्वारा लिखित ज्ञापन के साथ दिया गया। लगातार बढ़ रहे जनाक्रोश एवं जनभावनाओं को समझते हुए विगत दिनों ग्राम दोन्दे कला के शाला प्रवेसोत्सव कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक अनुज शर्मा के द्वारा सार्वजनिक मंच से घोषणा किया गया था कि मेरे रहते ग्राम दोन्दे कला - दोन्दे खुर्द में शराब दुकान नहीं खुलने दूँगा।

किन्तु प्रस्तावित ग्राम दोन्दे खुर्द में लगातार अनिश्चितकालीन धरना जारी रहा संघर्ष समिति दोन्दे खुर्द एवं ग्रामीण महिलाओं का कहना था कि कोई लिखित आदेश हो या फिर विधायक धरना स्थल पर आकर स्वयं घोषणा करे उसके पश्चात ही हम सब पूर्णतः आश्वस्त होने के बाद अनिश्चित कालीन धरना को समाप्त करेंगे। इस पर श्री शर्मा ने मंच पर घोषणा की तब आंदोलन को समाप्त किया गया।

आंदोलन में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि दिलेन्द्र सेन , जनपद उपाध्यक्ष दिनेश खूंटे , ब्लॉक कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा , सरपंच संघ के अध्यक्ष अरविंद ठाकुर , गाँव के सरपंच अशोक साहू , छपोरा सरपंच राजकुमार भारती , पूर्व छपोरा सरपंच मोती साहू , मटिया सरपंच प्रतिनिधि भीम वर्मा , मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा , महामंत्री चंद्रशेखर वर्मा , पूर्व सरपंच सियाराम बंजारे , दीपा साहू , पद्मावती यादव , राजकुमारी घृतलहरे , सुरेखा ध्रुव , मीना क्षेतिजा , सुमित्रा साहू , कविता दास , उमा निषाद , रंजीता ,खेमिन , माधुरी लोधी , गीता गुप्ता , विजयलक्ष्मी साहू , सरिता साहू , रेखा गुप्ता , पूजा टंडन , उर्मिला , सूरज टंडन , कमल भारती , लालू थवाईत , वासु रेड्डी , देवकुमार चतुर्वेदी सहित सैकड़ो की संख्या में महिलएं शामिल रही।

# सारखेश्वर धाम में किया श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

सावन मास के दूसरे सोमवार के पावन अवसर पर ग्राम सारखी स्थित ख्याति प्राप्त स्वयंभू सारखेश्वर धाम मे शिवभक्तो की भारी भीड़ रही। जनपद पंचायत उपाध्यक्ष खेलूराम साहू अपने परिवार सहित, भाजपा मंडल अध्यक्ष खोरपा किशोर साहू, समाजसेवी राघवेन्द्र साहू,वरूण राठी,लौटन गिलहरे, किशोर शर्मा,सागर साहू,नरोत्तम साहू सहित कई शिवभक्तों ने समस्त जनकल्याण एवं सुख-शांति की कामना करते हुए भगवान शिव का रुद्राभिषेक कर अनुष्ठान में शामिल हुये। पूजन के पश्चात सभी श्रद्धालुओ को प्रसादी का वितरण किया गया। इस मौके पर सारखेश्वर ट्रस्ट समिति द्वारा एवं सोनी मल्टी हॉस्पिटल के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित ग्रामीणों और श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।

मंदिर के पुजारियो एवं ग्रामीणो ने बताया कि कि यह मंदिर सोमवंशी काल का एक प्राचीन शिवलिंग है जो ऋतु परिवर्तन के अनुसार अपना स्वरूप बदलता है जो इसे और भी दिव्य बनाता है ग्राम सारखी कभी राजिम से लेकर भोरमदेव तक व्यापारिक गतिविधियो के प्रमुख पड़ाव के रूप मे पहचाना जाता था।

# मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष का किया स्वागत



**आरंग।** मछुआ कल्याण बोर्ड छ.ग. शासन के नवनियुक्त अध्यक्ष भरत मटियारा अपने प्रवास दौरे पर आरंग पहुचे। जहा स्थानीय विश्राम गृह में सुशील जलक्षत्री के नेतृत्व में मछुआरा समाज के प्रतिनिधियों व भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उनका आतिशबाजियों व फूल माला से भव्य स्वागत किया गया। मटियारा ने सभी से भेंट मुलाकात कर परिचय लिया साथ ही मत्स्य पालन से संबंधित विषय पर जानकारी साझा करते हुए केंद्र व राज्य सरकार द्वारा मछुआरों के लिए चलाए जाने वाले विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान करते हुए अधिक से अधिक लाभ लेने की बात कही, इस दौरान मत्स्य सहकारी समिति आरंग व पारागांव के सदस्यों ने अपने समस्यायो के निराकरण व मांग हेतु आवेदन भी दिया। छ.ग. चर्म शिल्पकार बोर्ड के अध्यक्ष ध्रुव कुमार मिर्धा ने मटियारा का स्वागत कर उद्बोधित करते हुए कहा कि जलक्षेत्र पर अधिकार मछुआरों का हो इसको लेकर केंद्र व राज्य सरकार योजनाएं संचालित है उनका प्रचार प्रसार कर सभी को लाभ प्रदान करने की बात कही। नगर पालिका आरंग अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने भी राजा मोरध्वज की नगरी आरंग आगमन पर उनका स्वागत अभिनंदन करते हुए कहा कि मछुआरा समाज बहुत ही मेहनतकश समाज है, स्थानीय स्तर पर भी तालाबो को लेकर कार्ययोजना प्रस्तावित है। साथ ही नगर पालिका आरंग क्षेत्र अंतर्गत मछुआरों को हरसंभव सहयोग प्रदान करने अश्वस्त किया। इस दौरान भाजपा आरंग मंडल अध्यक्ष देवनाथ साहू, महामंत्री अशोक चंद्राकर, भाजपा नेता कृष्णकुमार भारद्वाज, राजेश साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि मुरली साहू, यशवंत सहित मछुआरा समाज के पदाधिकारी सदस्य व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संगीतमय रामकथा में राम नाम की महिमा गई

आरंग। मानस शक्ति केंद्र आरंग से संबंधित राजा मोरध्वज मानस मंडली आरंग की प्रस्तुति पिपलेश्वर पंचमुखी महादेव मंदिर में सावन महीने के दूसरे सोमवार को दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक संगीतमय राम कथा का आयोजन हुआ। जिसमें राम नाम शिव सुमिरन लागे इस पावन प्रसंग पर व्याख्याकार अवध विश्वकर्मा ने ज्ञान भक्ति वैराग्य को जोड़ते हुए दर्शनार्थी श्रद्धालु भक्तों के समक्ष व्याख्या प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया। इसी तरह मंडली के गायक खिलावन साहू ने कायखंडी लोकगीत पर आधारित भजन गाया। इनके साथी वाद्ययंत्रों के कलाकारों में तबलावादक एवं बैंजो वादक ने बखूबी



साथ निभाया। राजा मोरध्वज आध्यात्मिक धार्मिक सामाजिक मानस संगठन आरंग के सदस्य मानस लोधी, हीरालाल साहू, विनोद गुप्ता, सीताराम यादव, संतोषलाला लोधी, ओंकार विश्वकर्मा, सत्यम झा, देवशरण साहू, लक्ष्मीनाथ साहू, पुरानिक हिरवानी, गैंदराम धीवर, बाहरु सिन्हा, प्रेम वर्मा आदि सदस्यगण उपस्थित हुए।

## नलवा माइंस की जनसुनवाई पर रोक लगाने की मांग

**तिल्दा नेवरा।** जनपद पंचायत तिल्दा क्षेत्र में प्रस्तावित नलवा माइंस परियोजना को लेकर लगातार उठ रही स्थानीय जनभावनाओं, पर्यावरणीय चिंता एवं आजीविका पर संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए आज जनपद पंचायत तिल्दा के अध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे ने प्रतिनिधिमंडल के साथ पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, तथा सरपंच संघ अध्यक्ष अभिषेक वर्मा के साथ मिलकर क्रमशः धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, रायपुर कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि नलवा माइंस की प्रस्तावित जनसुनवाई को तत्काल स्थगित किया जाए और इस परियोजना पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। यह मांग



स्थानीय जनता की चिंता, पर्यावरणीय असंतुलन की आशंका तथा ग्रामीण आजीविका पर संभावित प्रतिकूल प्रभावों को ध्यान में रखते हुए की गई है। ज्ञापन में यह भी स्पष्ट किया गया कि खनन गतिविधियों से क्षेत्र की पारिस्थितिकी, जलस्तर, कृषि, पशुपालन और ग्रामवासियों के जीवन पर सीधा प्रभाव पड़ेगा, जिसे किसी भी सूरत में नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

# मानस पाठ के साथ बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने किया रुद्राभिषेक

**रायपुर।** मठपुरैना वाटर फिल्टर प्लांट परिसर में स्थित श्री सर्व सिद्ध हनुमान मंदिर में सावन सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्रीरामचरितमानस पाठ के साथ भगवान शिव के किया जलाभिषेक और विविध अनुष्ठान में भारी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। मंदिर में सावन मास पर अखंड मानस पाठ जारी है। मंदिर में सावन अमावश्या पर विशेष पूजन का आयोजन किया गया है।

- संगीतमय भजन-कीर्तन में महिला मंडिलयों की रही भागीदारी

मंदिर समिति के अध्यक्ष मोहन लाल साहू, सोमनाथ निषाद ने बताया कि रविवार की रात



मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में कांवड़ियों पहुंचे और यहां जलाभिषेक करने के बाद महादेव घाट सहित अन्य शिवालयों में जाने को निकले। उल्लेखनीय है यहां प्रति वर्ष बाहर से आने वाले कांवड़ियों के ठहर की व्यवस्था की जाती है। इस अवसर पर डीडी एंड पार्टी द्वारा शिव की महिमा का गायन संगीतमय किया गया। कार्यक्रम सेवानिवृत्त किशोर साहू ने तुलसीकृत रुद्राष्टकम की व्याख्या की और दीनदयाल साहू ने शानदार गायन कर श्रोताओं को भावविभोर किया।

**फलश्रुति सुनने से मिलता है लाभ :** पुजारी घनश्याम वैष्णव ने शिव स्त्रोतों का संस्कृत में पाठ किया और सावन में भगवान शिव की भक्ति से होने वाले लाभों की चर्चा की और संस्कृति साहित्य में फलश्रुति का विशेष महत्व होता है। उन्होंने कहा कि अष्टमी, नवमी और पूर्णिमा दिन फलश्रुति सुनने से जीवन के कष्ट दूर होते है और विविध लाभ मिलता है। तुकाराम ध्रुव का तबला वादन कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहा। समिति के कोषाध्यक्ष राजकुमार धीवर ने छंदों को गाकर शिव महिमा सुनाई। कार्यक्रम रामचंद्र पटेल, भोजराम साहू, तुलसीराम सोनकर, मुक्ति साहू, बाबूलाल साहू का मानस पाठ में सहयोग मिल रहा है। महिला समिति की बसंती मानकपुरी और शीला तिवारी ने शिव भजनों का शानदार गायन किया और हनुमत चरित का वर्णन किया।

## शिक्षकों को भी दायित्व सौंपा गया

# सृजन विद्यालय में बाल पदाधिकारी निर्वाचित, जितेंद्र बने शाला नायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

सृजन सोनकर विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग में बाल पदाधिकारियों का गठन किया गया। शाला नायक के रूप में 12वीं गणित का छात्र जितेंद्र कुमार देवांगन ने पदभार ग्रहण किया। उप शाला नायक गगन कुमार देवांगन, सचिव सुमित देवांगन, सहसचिव उदय जलक्षत्री, अंशु देवांगन, सांस्कृतिक सचिव मनीष कुमार साहू, उप सांस्कृतिक सचिव डिंपल देवांगन, विज्ञान सचिव जया यादव, लीना निषाद, उप विज्ञान सचिव साबिर कुरैशी, हंसु साहू, क्रीडा सचिव वासुदेव साहू, कंचन साहू, उपक्रीडा सचिव गोपी पाल, स्काउट सचिव मनीष सोनकर, उप स्काउट सचिव मयंक वैष्णव, गाइड सचिव पलक चंद्राकर, उप गाइड सचिव लीना साहू, व्यायाम सचिव यांशु सोनकर, उप



व्यायाम सचिव खुशबू साहू, अनुशासन सचिव कावेरी साहू, प्रियांशी चंद्राकर, उप अनुशासन सचिव गितांजलि साहू, केशव कुमार साहू, प्रार्थना सचिव प्रतिभा साहू, मुस्कान चंद्राकर, जिज्ञासा साहू उप प्रार्थना सचिव नारायणी सोनी, खोया पाया सचिव अंजली सोनकर, खिलेश्वरी शंख, उप खोया पाया सचिव नैतिक साहू,त्रिषा साहू, विनायक जलक्षत्री, स्वच्छता सचिव दावेंद्र साहू, उप स्वच्छता सचिव मुस्कान चंद्राकर, रेड क्रॉस सचिव मानस जलक्षत्री, यादराम साहू उप रेड क्रॉस सचिव भोजराम, गगन साहू, बैंड प्रमुख देवेंद्र साहू बने। वही के.जी.वन से 12वीं तक कक्षा नायक एवं उप कक्षा नायक का भी चुनाव किया गया एवं शपथ दिलवाया गया। विद्यालय के सभी शिक्षकों को शिक्षण के अलावा भी और बहुत से दायित्वों का निर्वहन करना होता है। उन दायित्वों का सुचारू रूप से संचालन करने के लिए शिक्षकों को भी दायित्व सौंपे गए। विद्यालय की प्राचार्य यशोदा योगी, उप प्राचार्य भारती वर्मा, प्रधान पाठक सोहागा देवांगन, सांस्कृतिक प्रभारी रोहित कुमार यादव एवं सभी शिक्षकों ने बैच लगाकर शपथ दिलाई और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं की। वही शाला विकास समिति के संरक्षक लखन लाल सोनकर, अध्यक्ष छत्रधारी सोनकर, कोषाध्यक्ष देवेंद्र सोनकर, सचिव सूरज सोनकर, उपसचिव सतीश सोनकर उपस्थित रहे।

**समक्ष न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.**

छबी राम साहू उम्र 46 वर्ष पिता स्व. श्री सभापती साहू निवासी ग्राम मंदलोर पोस्ट पोंड तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. आ.नं.- 882234009142 ..शपथकर्ता

**शपथ पत्र**

मै शपथकर्ता निम्नानुसार शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि....

1. यह कि छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर छ.ग. द्वारा जारी मेरे पुत्र फागेश के कक्षा 10 वीं के अंकसूची में उसका नाम FAGESH (फागेश) दर्ज है एवं मेरे पुत्र के अन्य समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों, प्रमाण पत्रों, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र आदि में मेरे पुत्र का नाम फागेश दर्ज है।
2. यह कि भारत सरकार द्वारा जारी मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक- 7946 5882 4403 में उसका नाम शिव कुमार साहू (SHIV KUMAR SAHU) दर्ज है। जो कि उसका घरेलु नाम है ।
3. यह कि मेरा पुत्र FAGESH (फागेश) और शिव कुमार साहू (SHIV KUMAR SAHU) दोनों एक ही बालक है। मैं भारत सरकार द्वारा जारी मेरे पुत्र के आधार कार्ड क्रमांक- 7946 5882 4403 में उसका नाम सुधार कर उसके कक्षा 10 वीं के अंकसूची अनुसार शिव कुमार साहू (SHIV KUMAR SAHU) के स्थान पर FAGESH (फागेश) दर्ज कराना चाहता हूं।
4. यह कि छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन हेतु शपथ पत्र प्रस्तुत है ।
5. यह कि मेरे द्वारा किसी भी तथ्य को नही छुपाया गया है किसी भी तथ्य असत्य पाये जाने पर समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी)

शपथकर्ता

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि शपथ कंडिका 01 एवं 05 के कथन मेरी निजी ज्ञान एवं जानकारी तथा विश्वास से सही होने से अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

दिनांक :- 14/07/2025

स्थान- अभनपुर शपथकर्ता

**:: आम सूचना ::**

सर्व सधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार विनय साहू पिता अमर सिंह साहू, निवासी-ब्लाक कालोनी आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग. द्वारा मौजा भिलाई, प.ह.नं.-35, रा.नि.मं. भिलाई, तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नंबर-2124/1 रकबा 0.235 हे. को क्रय करने का सौदा करके ब्याना की राशि दे दिया गया है, रजिस्ट्री कराना शेष रहा गया है।

कोई व्यक्ति, संस्था, सहकारी, गैर सहकारी संस्था, वित्तीय, गैर वित्तीय संस्था या जो कोई भी हो उपरोक्त भूमि पर अपना हक व दावा रखता हो तो वे एक सप्ताह के अंदर मेरे समक्ष या मेरे पक्षकार के समक्ष मय दस्तावेज उपस्थित होकर अपना हक व दावा प्रस्तुत कर सकता है। एक सप्ताह के बाद मेरा पक्षकार उपरोक्त क्रयशुदा भूमि की रजिस्ट्री अपने नाम पर करा लेगा, बाद दावा, आपत्ति मेरे पक्षकार को मान्य नही रहेगा।

सो सूचना जानें।

**भवदीय**
**गोपाल राम चंद्राकर**
**एडव्होकेट (नोटरी)**
**तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.- 9926694775**

## खबर संक्षेप

### सड़क बाधा, ग्रीन नेट नहीं लगाने पर ई जुर्माना

**रायपुर।** नगर निगम जोन 10 अमले ने सोमवार को 2 विभिन्न स्थानो पर सड़क बाधा पर संबंधित जन से 10 हजार रुपये ई जुर्माना किया। इसी तरह वायुप्रदूषण रोकने नियमानुसार ग्रीन नेट नहीं लगाने पर संबंधित भवन निर्माणकर्ता पर 3 हजार रुपये का ई जुर्माना करने की कार्यवाही की गई। निगम के अधिकारियों का कहना है अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### तेलीबांधा मार्ग से हटाए गए अवैध ठेले

**रायपुर।** टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत सोमवार को नगर निगम जोन 3 क्षेत्र के मौलीमाता बाजार तेलीबांधा के मार्ग में अभियान चलाकर सड़क यातायात बाधित कर रहे अवैध ठेलो पर कार्यवाही की गई । जोन 3 कमिश्नर रमेश जायसवाल की उपस्थिति में नगर निवेश की टीम ने निगम मुख्यालय उड़नदस्ता के साथ मौली माता बाजार तेलीबांधा गेट के पास मुख्य मार्ग के कब्जाधारी करीबन 20 ठेलो को सडक से हटानेर की कार्यवाही। इसके साथ ही 10 अवैध ठेलो को व्यवस्था सुधार करने सड़क से जब्त कर लिया गया। जोन 3 की टीम ने तेलीबांधा में सड़क पर बैठकर व्यवसाय कर रहे सब्जी व्यवसायियों को पानी टकी के पास बाजार में निर्मित चबूतरे में व्यवस्थापित करने की तैयारी में है।

### राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर आकाश को राष्ट्रपति करेंगे सम्मानित

**रायपुर।** नई दिल्ली स्थित भारत **मंडपम** में 7 अगस्त को 11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस समारोह में छत्तीसगढ़ के रायगढ़ के बुनकर आकाश कुमार देवांगन को



उनके उत्कृष्ट जनजातीय बस्तर जाला कोसा साड़ी के लिए राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह सम्मान राष्ट्रपति द्वारा दिया जाएगा। कार्यक्रम आयोजक ने बताया कि कपड़ा मंत्रालय ने 2024 के लिए संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा की है। ये पुरस्कार देश के हथकरघा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले बुनकरों, डिजाइनरों, विपणक, स्टार्ट-अप और उत्पादक कंपनियों को सम्मानित करने के लिए दिए जाते हैं। कुल 24 पुरस्कार विजेताओं में 5 संत कबीर पुरस्कार और 19 राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार शामिल हैं। इस समारोह में कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह, सांसद, उद्योग जगत के नेता, डिजाइनर, निर्यातक, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, छात्र और देशभर से आए 500 से अधिक बुनकर उपस्थित रहेंगे।

### संस्कृत भारती संगठन की प्रांत कोर कमेटी की बैठक



**रायपुर।** संस्कृत भाषा के संरक्षण व संवर्धन के लिए शिक्षक सदन टैगोर नगर में संस्कृत भारती छत्तीसगढ़ की प्रांत कोर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में संस्कृत सप्ताह आयोजित करने की रणनीति, विद्यालयीन शिक्षा में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुपालन अनुसार छत्तीसगढ़ में संस्कृत शिक्षा पर बल देने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में आगामी समय में छत्तीसगढ़ में संस्कृत शिक्षा की उन्नति के लिए संस्कृत शिक्षकों का विकासखंड, जिला व प्रांत स्तरीय सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में डॉ. सतेंद्र सिंह सेंगर एवं डॉ. दादूभाई त्रिपाठी तथा अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने संस्कृत सप्ताह पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने तथा संस्कृत विषय को प्राइमरी शिक्षा में शामिल करने के लिए एवं गीता, रामायण, महाभारत, वेद, शास्त्रों को पाठ्यक्रम मे शामिल करने के लिए जोर दिया गया। यह जानकारी संस्कृत भारती रायपुर के प्रचार विभाग से जुड़े पं. चंद्रभूषण शुक्ला ने देते हुए बताया कि बैठक में संस्कृत भारती प्रांताध्यक्ष सतेंद्र सिंह सेंगर, प्रांतमंत्री डॉ. दादूभाई त्रिपाठी, संगठन मंत्री हेमंत साहू, वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉ. बहुरन पटेल, डॉ. प्रवीण झाड़ी, डॉ. दिव्या देशपांडे, डॉ. लूनेश कुमार वर्मा, पूर्णोत्तम साहू, राजेश राजपूत, पारस साहू, चोवालाल धीवर, शेषनारायण गजेंद्र, थानेश्वर आदि पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

# भाजपा के जिलों की कार्यकारिणी लेने लगी आकार, मनेंद्रगढ़-चिरमिरी से शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के भाजपा संगठन में अब जाकर करीब पांच माह बाद जिलों की कार्यकारिणी आकार लेने लगी है। सबसे पहले मनेंद्रगढ़-चिरमरी की जिला कार्यकारिणी का सोमवार को ऐलान किया है। आने वाले समय में प्रदेश के अन्य जिलों की कार्यकारिणी का भी एक के बाद एक ऐलान होगा।

जिलों की कार्यकारिणी के बाद ही प्रदेश की कार्यकारिणी तय होगी। वैसे भी प्रदेश की कार्यकारिणी से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा, इसके बाद प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी। इसके लिए अभी इंतजार करना होगा।

**प्रदेश कार्यकारिणी के लिए अभी करना होगा इंतजार**


भाजपा के जिलों की कार्यकारिणी इसी माह से लेने लगेगी आकार
प्रदेश कार्यकारिणी के लिए अभी करना होगा इंतजार
हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर
पहले मंडल, अब जिलों का नंबर

### मंडल के बाद अब जिलों का नंबर

*भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। पहले चरण में मार्च से मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ किया गया। कई बार डेड लाइन तय करने के बाद अब जाकर जुलाई में सभी मंडलों की कार्यकारिणी बनी है। अब जिलों की कार्यकारिणी बनाने की कवायद प्रारंभ की गई है। जिलों की कार्यकारिणी बनाने के बाद उसको अनुमोदन करने के लिए प्रदेश संगठन के पास भेजा जाएगा, वहां से मंजूरी मिलने पर इसका ऐलान होगा। जिलों की पहली कार्यकारिणी मनेंद्रगढ़ की बनी है। इसका ऐलान प्रदेशाध्यक्ष किरण देव और संगठन महामंत्री पवन साय की मंजूरी के बाद किया गया है।*

भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ।

इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।

# खारंग-खपरी बांध छलके, झुमका मनियारी और छीरपानी लबालब

**पिछले साल के मुकाबले 14 प्रतिशत अधिक जलभराव**

**किसान खेती किसानी में जुटे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य के प्रमुख बांधों में 51.74 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। पिछले साल के मुकाबले यह 14 प्रतिशत अधिक है। पिछले साल इसी अवधि में बांधों में 37.13 प्रतिशत जल भराव था। प्रदेश में मानसून सक्रिय होने के बाद लगातार बारिश से बिलासपुर स्थित खारंग बांध और दुर्ग जिले का खपरी जलाशय छलकने लगा है। राज्य के 46 प्रमुख जलाशयों में से झुमका जलाशय में 99.57 प्रतिशत, मनियारी और छीरपानी जलाशय लबालब हो गए हैं, यहां 93 प्रतिशत से अधिक जलभराव हुआ है।

छत्तीसगढ़ में मानसून के मई माह में प्रवेश के बाद जून में करीब 17 प्रतिशत कम बारिश ने चिंता में डाल दिया था। जुलाई के पहले सप्ताह की मानसूनी बारिश ने इन कमियों को पूरी करते हुए औसत बारिश को बनाए रखा। प्रदेश में अब तक 446 मिमी बारिश हो चुकी है। सरगुजा संभाग का बलरामपुर जिले में इस साल सर्वाधिक और बेमेतरा जिले में सबसे कम बारिश हुई है। बांधों के कैच मेंट एरिया मं अच्छी बारिश के चलते बांधों के जलस्तर में तेजी से सुधार हुआ है। एक ओर बड़े जलाशय बांगों और गंगरेल बांध में आधे से ज्यादा जल भराव हो चुका है। अन्य बांधों के जलस्तर में सुधार देखने में आया है। बारिश के साथ ही किसानों ने फसल की बोनी पूर्ण कर ली है। आने वाले दिनों में बारिश से प्रदेश के अन्य जलाशयों के लबालब होने की संभावना है।



### इन बांधों के खुले गेट

राज्य के कई जलाशयों से नहरों तथा स्लूइस के माध्यम से जल निकासी भी जारी है। खारंग, मनियारी, केलो और सीतानदी बेसिन के जलाशयों से जल छोड़ा गया है। जल संसाधन विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों को जलाशयों की सतत निगरानी के निर्देश दिए हैं।

### बांधों में जल भराव की स्थिति

मिनीमाता बांगो बांध में अब तक 54.78 प्रतिशत जलभराव हुआ है, गंगरेल बांध में 54.26 प्रतिशत, तांदुला बांध में 32.57 प्रतिशत, दुधावा बांध में 22.20 प्रतिशत, सिकासार बांध में 46.88 प्रतिशत, सोंढूर में 23.66 प्रतिशत, मुरूमसिल्ली में 23.49 प्रतिशत, कोडार डेम में 38.79 प्रतिशत, केलो डेम में 31.62 प्रतिशत जलभराव हुआ है। इसी तरह अरपा भैंसाझार और मायना जैसे जलाशयों में 30 प्रतिशत से भी कम, गोंदली बांध में 30.24 प्रतिशत और कोसारटेडा डेम (बस्तर) में 42.57 प्रतिशत जलभराव हुआ है। खरखरा डेम में 22.15 प्रतिशत, परलकोट डेम में 36.44 प्रतिशत, श्याम डेम सरगुजा में 69.38 प्रतिशत, पिपरिया नाला डेम में 77.64 प्रतिशत, बलार डेम में 23.04 प्रतिशत, सुतियापात जलाशय में 67.74 प्रतिशत, मोंगरा बैराज में 62.62 प्रतिशत, मरोदा जलाशय में 38.62 प्रतिशत, सरोदा दादर में 41.03 प्रतिशत, घोंघा जलाशय में 82.84 प्रतिशत, मटियामोती जलाशय में 28.51 प्रतिशत, झुमका जलाशय में 98.84 प्रतिशत, खमारपकुट डेम में 86.11 प्रतिशत, कर्रानाला बैराज में 72.64 प्रतिशत, किंकारी नाला में 80.31 प्रतिशत, सुखा नाला बैराज 72.95 प्रतिशत, कुम्हारी डेम रायपुर में 40.44 प्रतिशत, धारा जलाशय राजनांदगांव में 46.44 प्रतिशत तथा रूसे डेम में 54.47 प्रतिशत जल भराव हो चुका है।

# बृजमोहन ने लोकसभा में वन एवं पर्यावरण का मुद्दा उठाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा के मानसून सत्र के पहले दिन रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ राज्य में वन एवं पर्यावरण से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों को आतरांकित प्रश्न के माध्यम से लोकसभा में जोरदार ढंग से उठाया। श्री अग्रवाल ने सरकार से जानना चाहा, क्या छत्तीसगढ़ में विगत एक दशक में 18 करोड़ पौधे लगाने का दावा किया गया है, और यदि हां, तो उनमें से कितने पौधे जीवित बचे हैं। क्या बस्तर, कोरबा और दंतेवाड़ा जैसे क्षेत्रों में खनन परियोजनाओं के चलते वनाच्छादित क्षेत्र में कमी आई है, और क्या संबंधित ग्राम सभाओं की सहमति इन परियोजनाओं हेतु ली गई थी। क्या राज्य में कई विकास परियोजनाएं पर्यावरणीय मंजूरी के अभाव में वर्षों से लंबित हैं। क्या अप्रयुक्त भूमि पर वृक्षारोपण हेतु कोई ठोस कार्य योजना तैयार की गई है। और क्या इन योजनाओं की निगरानी उपग्रह मानचित्रण, जियो टैगिंग एवं सामाजिक लेखा परीक्षा के माध्यम से की जा रही है। इसका जवाब देते हुए पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्तिवर्धन सिंह ने स्पष्ट किया कि वर्ष 2010-11 से 2019-20 के बीच छत्तीसगढ़ में लगभग 18 करोड़ पौधे लगाए गए हैं, जिनमें से अधिकांश स्थानों पर पौधों की उत्तरजीविता दर संतोषजनक (लगभग 90%) रही है। भारतीय वन सर्वेक्षण की रिपोर्ट के अनुसार 2013 से 2023 के बीच छत्तीसगढ़ में वन क्षेत्र में कोई उल्लेखनीय कमी नहीं आई है, बल्कि अति सघन वन क्षेत्र में वृद्धि दर्ज की गई है। खनन परियोजनाओं के लिए सभी अनुमति प्रक्रियाएं वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 एवं वन अधिकार अधिनियम, 2006 के तहत की जाती हैं, और ग्राम सभाओं से विधिवत सहमति प्राप्त की जाती है। राज्य में कोई भी विकास परियोजना 105 दिनों की निर्धारित सीमा से अधिक पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए लंबित नहीं है। वृक्षारोपण कार्य स्वीकृत योजनाओं और राजस्व विभाग द्वारा प्रदत्त भूमि पर किए जाते हैं। ई-ग्रीन वॉच पोर्टल एवं जीआईएस आधारित निगरानी, जियो-टैगिंग, और तृतीय पक्ष सत्यापन जैसे आधुनिक उपायों से इन कार्यों की निगरानी की जा रही है।

# चैतन्य की गिरफ्तारी के बाद संसद परिसर पहुंचे भूपेश, कहा- मेरे बेटे के खिलाफ मोदी-शाह

**सोनिया, खड़गे, राहुल और प्रियंका से की मुलाकात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा, उनके बेटे का सौभाग्य है कि मोदी और शाह उसके खिलाफ हैं। बघेल ने आरोप लगाया कि उनके बेटे के खिलाफ ईडी की कार्रवाई इसलिए शुरू की गई, क्योंकि कांग्रेस विधानसभा में पेड़ों की अवैध कटाई का मुद्दा उठाने वाली थी। ईडी द्वारा कथित शराब घोटाले में मनी लाड्रिंग के मामले में चैतन्य बघेल को गिरफ्तार करने के बाद को दिल्ली में संसद भवन परिसर पहुंचे। वहां उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात कर पूरी जानकारी दी।



संसद परिसर में संवाददाताओं से चर्चा में श्री बघेल ने कहा, मेरे बेटे का सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह उनके खिलाफ हैं। मोदी-शाह कुछ भी बर्दाश्त कर सकते हैं, लेकिन अडानी के खिलाफ कुछ भी बर्दाश्त नहीं कर सकते। वरना 10 मार्च के छापे के बाद न कोई नोटिस आया, न कोई पूछताछ हुई। सीधे 18 जुलाई को उसके जन्मदिन के दिन पर ईडी ने उनके बेटे को गिरफ्तार कर लिया। श्री बघेल ने दावा किया कि उसी दिन अडानी के अर्वध पेड़ कटाई का मुद्दा हमने विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव के रूप में उठाया, इस पर चर्चा न हो, इसलिए यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा, उनका बेटा राजनीति में नहीं है। वह किसान है। मैं इसे अपने बेटे का सौभाग्य मानता हूं कि प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह उनके खिलाफ हैं। मेरे बेटे का नाम कोई नहीं जानता था, अब पूरा देश जानता है।

# सौर विद्युतीकरण योजना की धीमी रफ्तार पर राज्यपाल डेका ने जताई नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्यपाल रमेन डेका ने सोमवार को राजभवन में प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान (प्रधानमंत्री जनमन योजना) के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सौर विद्युतीकरण की धीमी प्रगति पर असंतोष जताया और कहा, इस क्षेत्र में जो चुनौतियां है उसका सभी मिलकर निराकरण करेंगे। उन्होंने अधिकारियों से कहा, वे केवल फील्ड रिपोर्ट पर निर्भर न रहें, बल्कि निचले स्तर पर जाकर योजनाओं का क्रियान्वयन देखें।

राज्यपाल ने प्रदेश के पीएम जनमन क्षेत्रों में विभिन्न विभागों के कार्यो की समीक्षा की और संचालित कार्यो की जमीनी हकीकत देखने के लिए इन ग्रामों का दौरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने कहा, योजना का मूल उद्देश्य विशेष पिछड़ी जनजातियों को केन्द्र द्वारा तय सुविधाओं का लाभ पहुंचाना है। इन वर्गो तक मूलभूत सुविधाएं शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क आदि देना पहली प्राथमिकता है। जो योजनाएं संचालित हैं, वे तय समय पर पूर्ण हो जाएं। पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में सुविधाएं पहुंचे इसके लिए सही एप्रोच जरूरी है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के सहयोग और समन्वय से योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। बैठक में राज्यपाल के सचिव डॉ. सीआर प्रसन्ना सहित विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव एवं सचिव सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### पर्यावरण को अनदेखा न करें

श्री डेका ने निर्देश दिया कि सतत विकास की प्रक्रिया में पर्यावरण को अनदेखा न किया जाए। जो विकास के कार्य हो रहे हैं, उसमें पेड़ों को बचाकर रखा जाए। उन्होंने कहा, पानी को लेकर गंभीर होना है। जमीनी जल स्तर और वर्षा का मापन करे और उसके अनुसार योजनाएं बनाएं। रेन वाटर हार्वेस्टिंग को प्राथमिकता दें।

### नवाचार पर स्व सहायता समूहों को पुरुस्कृत करेगा राजभवन

बैठक मे राज्यपाल श्री डेका ने पीएम जनमन क्षेत्रों में आंगनबाड़ी निर्माण की प्रगति की जानकारी ली और कहा कि आंगनबाड़ीयों में लाइवलीहुड के लिए कार्य होना चाहिए। उन्होंने राज्य में स्व सहायता समूहों के गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा, पिछड़ी जनजातीय क्षेत्रों में भी नवाचार को प्रोत्साहित करें। इन क्षेत्रों में नवाचार करने वाले स्व सहायता समूहों को राजभवन द्वारा भी पुरुस्कृत किया जाएगा। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षण पर विशेष ध्यान देने एवं स्वयंसेवी संस्थाओं की सहभागिता से नवाचार करने पर बल दिया।

### छत्तीसगढ़ी फिल्म माटी का मोशन पोस्टर जारी



**रायपुर।** मोतीबाग स्थित प्रेस क्लब रायपुर में सोमवार को छत्तीसगढ़ी फिल्म इंडस्ट्रीज के डायरेक्टर सतीश जैन, मनोज वर्मा एवं रॉकी दासवानी ने 'माटी' फिल्म का मोशन पोस्टर जारी किया। फिल्म माटी में समाहित है छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल की आदिवासी संस्कृति की गूंज और साथ ही जारी जल, जंगल, जमीन के नाम पर संपदाओं की लूट का चित्रण। इन्हीं जटिल परिस्थितियों और द्वंद्व के बीच जन्म लेती है छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्म 'माटी' की कहानी। यह सिर्फ एक प्रेम कहानी नहीं, बल्कि बस्तर की सामाजिक, राजनैतिक और मानवीय त्रासदी का जीवंत चित्रण है। चंद्रिका फिल्मस प्रोडक्शन के बैनर तले बन रही फिल्म माटी के निर्माता संपत झा एवं निर्देशक अविनाश प्रसाद है। इसके अलावा चंद्रिका फिल्म प्रोडक्शन, सहायक निर्देशक मनोज पाण्डेय, आशुतोष प्रसाद, कैमरा असिस्टेंट आदित्य प्रसाद, पदम नाथ कश्यप, गीत-संगीत-मनोज पाण्डेय, संतोष दानी, यशपाल ठाकुर, दिलीप पाण्डेय, नृत्य निर्देशन राकेश यादव, भूमिका साहा आदि का फिल्म में सहयोग है।

# स्वच्छता रैंकिंग में पहले या दूसरे स्थान पर लाने नहीं हुआ अतिरिक्त प्रयास, समीक्षा होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महापौर मीनल चौबे ने कहा है कि रायपुर शहर को स्वच्छता की राष्ट्रीय रैंकिंग में पहले या दूसरे स्थान पर लाने निरंतर अतिरिक्त प्रयास करना था, किंतु ऐसा नहीं हो पाया। इसकी समीक्षा की जाएगी। सफाई के काम में कोई बहानेबाजी नहीं चलेगी, न ही शहर को सफाई के मामले में श्रेष्ठ स्थान पर पहुंचाने कोई समझौता होगा।

महात्मा गांधी सदन स्थित महापौर कक्ष में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की समीक्षा बैठक में मीनल चौबे ने ये बातें कही। उन्होंने ये भी कहा कि देशव्यापी स्वच्छता सर्वेक्षण में टॉप पर रहने वाले इंदौर जैसे सात शहर जब श्रेष्ठ प्रदर्शन कर सुपरलीग में



चले गये, तब रायपुर को कम से कम टॉप थ्री रैंक पर आना था, पर ऐसा नहीं हुआ। हमसे कहां पर चूक हुई, क्या खामियां रह गयीं इस पर अब समीक्षा होगी। मीनल चौबे ने कहा कि रायपुर शहर को राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में चौथी रैंकिंग मिलने का पहला श्रेय स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों को जाता है। फील्ड में उनके द्वारा किये गये कार्यो को उन्होंने सराहा। महापौर ने कहा कि नगर निगम जल्द स्वच्छता दीदियों और सफाई मित्रों का सम्मान करेगा। बैठक के दौरान महापौर मीनल चौबे ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मुख्यालय में सभी जोन में जाकर प्रत्येक पंद्रह दिनों में स्वच्छता संबंधी कार्यो की आवश्यक समीक्षा कर कार्य करवाएं।

**टेंडर में फिर दो कंपनियों की भागीदारी**

# आयुष्मान क्लेम का ऑडिट, चौथी बार आगे बढ़ी टीपीए कंपनी तय करने की प्रक्रिया


**31 जुलाई तक आगे बढ़ी कार्यवाही**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना में क्लेम ऑडिट करने की प्रक्रिया चौथी बार आगे बढ़ा दी गई है। सोमवार को टेंडर ओपन करने के दौरान केवल दो कंपनियों की भागीदारी की वजह से दस दिन यानी 31 जुलाई तक आगे बढ़ा दिया गया है। नयी कंपनी तय नहीं होने की वजह से ऑडिट नहीं होने से भुगतान भी लंबित हो रहा है। आयुष्मान योजना के तहत अस्पतालों से इलाज के बाद किए जाने वाले क्लेम की जांच और कंटाई-छंटाई का थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेटर (टीपीए) कंपनी द्वारा किया जाता है। पुरानी कंपनी का काम खत्म होने के बाद नयी एजेंसी तय करने की प्रक्रिया पूरी ही नहीं हो पा रही है। पिछले दिनों इस मामले में आईएमए के प्रतिनिधि मंडल ने संचालक सह आयुक्त स्वास्थ्य संचालनालय एवं स्टेट नोडल एजेंसी डॉ प्रियंका शुक्ला से मुलाकात कर अपनी समस्या के बारे में बताया था। इस दौरान उन्होंने समस्या की शीघ्र समाधान करने का आश्वासन दिया था। मगर इस बार भी पर्याप्त संख्या में टीपीए कंपनियों द्वारा टेंडर में शामिल नहीं होने की वजह से उसे आगे बढ़ा दिया गया।सोमवार को अंतिम तिथि होने के बाद तकनीकी बिड ओपन नहीं किया जा सका और इसे 31 जुलाई तक आगे बढ़ा दिया गया। टीपीए कंपनी तय करन राज्य नोडल एजेंसी द्वारा 29 मई 2025 को निविदा जारी किया था जिसमें टेंडर भरने की अंतिम तिथि 19 जून और टेंडर ओपन होने की तारीख 23 जून थी। सूत्रों का कहना है कि इसके लिए बनाया गया नियम काफी जटिल है जिसकी वजह से आयुष्मान ऑडिट के लिए टीपीए कंपनियां रूचि नहीं दिखा रही है। ऑडिट कार्यों के लिए बड़ा अनुबंध होता है, जिसमें संबंधित एजेंसी को भारी-भरकम मानव संसाधन की व्यवस्था करनी पड़ती है।

### फरवरी के क्लेम प्रोसेस नहीं

31 मार्च से पुरानी कंपनी की निविदा अवधि खत्म हो जाने के बाद फरवरी से क्लेम प्रोसेस नहीं किया जा सके हैं जिसकी वजह से बड़ी राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है। ऑडिट की प्रक्रिया में अस्पतालों के करीब आठ सौ करोड़ रुपये अटके हुए हैं। इसकी वजह से कई अस्पतालों की परेशानी बढ़ रही है। इस संबंध में चिकित्सकीय संगठनों द्वारा भी आयुष्मान स्वास्थ्य योजना से जुड़े अफसरों से मुलाकात कर चुके हैं।



# 31 छात्रों ने ओएमआर शीट में भरे गलत रोल नंबर, कंप्यूटर ने बता दिया अनुपस्थित

## मामला बीएड प्रवेश परीक्षा का, 10 जुलाई को जारी किए गए थे परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल में अपनी तरह का एक रोचक मामला सामने आया है। व्यापम द्वारा आयोजित की गई बीएड प्रवेश परीक्षाओं में शामिल छात्रों में से 31 छात्र ऐसे रहे, जिन्होंने ओएमआर शीट में रोल नंबर गलत भर दिया। चूंकि विद्यार्थियों ने अपने रोल नंबर के स्थान पर दूसरा रोल नंबर दर्ज कर दिया था, ऐसे में विद्यार्थियों का जो मूल रोल नंबर था, उसे अनुपस्थित दर्शा दिया गया। व्यापम द्वारा परिणाम जारी किए जाने के बाद छात्रों ने आवेदन दिया कि वे परीक्षा में उपस्थित थे। आवेदन के आधार पर छात्रों की ओएमआर शीट सहित परीक्षा केंद्रों में भरवाए जाने वाले उपस्थिति पत्रक की जांच कराई गई। जांच में सामने आया कि विद्यार्थियों द्वारा रोल नंबर ही गलत भर दिया गया था। व्यापम ने मानवीय आधार पर छात्रों की त्रुटि सुधार करते हुए उनके परिणाम 21 जुलाई को फिर से जारी किए हैं।

■ छात्रों के आवेदन के बाद मैन्युअली जांची गई कॉपियां

### ऐसा है सिस्टम

दरअसल, प्रवेश परीक्षा के दौरान व्यापम द्वारा जो ओएमआर शीट प्रदान की जाती है, उसमें विद्यार्थियों को रोल नंबर अंकों और शब्दों में दर्ज करने के अलावा दिए गए गोले को पेन की स्याही से काला करना होता है। छात्रों ने अंकों में तो अपने रोल नंबर सही भरे, लेकिन गोले को रंगते समय अपने रोल नंबर के अंकों के स्थान पर दूसरे अंकों में रंग कर दिया। कंप्यूटर द्वारा ओएमआर शीट में गोले में स्याही की मदद से भरे गए अंकों को ही सही माना जाता है। इस कारण इन छात्रों को अनुपस्थित दिखा दिया गया। सूत्रों के अनुसार, पूर्व में भी एक-दो बार इस तरह के मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन इतनी बड़ी संख्या में गलत रोल नंबर भरे जाने का यह पहला मामला है। यह परीक्षा 22 मई को आयोजित की गई थी।




### मानवीय आधार पर निर्णय

एसएससी की परीक्षाओं में इस तरह की व्यवस्था नहीं है। चूंकि परीक्षा के आधार पर ही छात्रों को महाविद्यालयों में दाखिले मिलेंगे, इसलिए मानवीय आधार पर परिणाम जारी किए हैं।

*- केदार पटेल, सह नियंत्रक, व्यापम*

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन का पोस्टर विमोचित

**रायपुर।** कृषि क्षेत्र से जुड़े विद्यार्थियों को संगठित करने, उनके अध्ययन और शोध को नई दिशा देने एबीवीपी द्वारा राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन का यह 9वां वर्ष है। पोस्टर विमोचन कृषि मंत्री रामविचार नेताम द्वारा किया गया। रायपुर महानगर मंत्री प्रथम फुटाने ने बताया, यह सम्मेलन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली में होने जा रहा है, जिसमें देशभर के कृषि वैज्ञानिक, विशेषज्ञ, विद्यार्थी एवं किसान भाग लेंगे।

### खामियों से युक्त है स्मार्ट मीटर

**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लगाया जा रहे नए स्मार्ट मीटर की खामियां गिनाते हुए कहा, हर घर में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं उसके दुष्परिणाम आने लगे हैं। स्मार्ट मीटर लगने के बाद जनता परेशान हो चुकी है। जिन उपभोक्ताओं का बिल 300-400 रुपए आता था, स्मार्ट मीटर लगाने के बाद उनका बिल 1000-1200 रुपए आ रहा है। प्रदेश महासचिव सूरज उपाध्याय ने कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबों को बिजली का भारी बिल थमा दिया जा रहा है। शासन द्वारा शीघ्र इसका समाधान नहीं किया गया तो पार्टी उग्र आंदोलन करेगी।

### प्रतिभावान बच्चों का किया सम्मान

**रायपुर।** जिला साहू संघ द्वारा 20 जुलाई रविवार को आरके सिंधी स्कूल रामसागर पारा, रायपुर में निर्धन छात्र/छात्र समेत प्रतिभावान बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को सम्मान किया गया, जिसमें 500 से अधिक जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क कॉपी और पेन वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक पुरंदर मिश्रा, वार्ड पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अवतार भारती बागल, एमआईसी सदस्य संतोष सीमा साहू, शहर जिला साहू संघ के अध्यक्ष केशवराम साहू, फागूराम साहू सहित साहू मित्र मंडल के समस्त पदाधिकारी व छात्र/छात्राओं के पालक एवं नागरिक उपस्थित रहे।

### जोन अधिकारी-ठेकेदार की लापरवाही उजागर, टला बड़ा हादसा

# पाइप लाइन बिछाने के बाद गड्ढों को पाटा नहीं, स्कूल बस के टायर धंसे

## दो घंटे तक रास्ता जाम, बस में सवार बच्चे बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

राजधानी रायपुर के जोन 10 क्षेत्र अंतर्गत महावीर नगर इलाके में रिद्धि-सिद्धि कालोनी-गॉर्डन के पास एक स्कूल बस में सवार बच्चे बाल-बाल बच गए। इस बस के एक तरफ के चक्के अमृत मिशन योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे गड्ढों में जा धंसे, लेकिन बस पलटी नहीं, इस कारण उसमें बच्चों को भी किसी प्रकार की चोटें नहीं आईं, लेकिन इस घटना ने निगम के अधिकारियों एवं संबंधित ठेकेदार की लापरवाही भी उजागर कर दी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि पाइप लाइन बिछाने का कार्य को खत्म हुए लगभग एक माह हो चुका है। इसके बाद भी गड्ढों को समतल नहीं किया जा रहा है, जबकि इसकी कई बार शिकायत वार्ड पार्षद से लेकर जोन कार्यालय में की गई है।

■ पहले इन गड्ढों के कारण कई दोपहिया सवार लोग भी गिर चुके हैं

दोपहर करीब 2 बजे होलीक्रास स्कूल की बस बच्चों को उनके घर छोड़ने के लिए महावीर नगर इलाके में रिद्धि-सिद्धि कालोनी-गार्डन सोसाइटी जा रही थी। इसी दौरान बस के लेफ्ट तरफ के सामने और पीछे के टॉयर गड्ढों में धंस गए। बस के चालक ने धंसे चक्कों को निकालने के लिए बस की स्पीड बढ़ाकर भी देखी, लेकिन दोनों टायर निकल नहीं पाए। इसके बाद गड्ढों से उसे निकालने के लिए दूसरे वाहन से टो कर खींचकर निकाला गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस हादसे के दौरान बस पलट भी सकती थी, जिससे उसमें सवार कई बच्चों की जान पर भी बन आती। इधर स्थानीय लोगों ने बताया कि बस के पहले इन गड्ढों के कारण कई दोपहिया सवार लोग भी गिर चुके हैं, जिनमें कुछेक को चोटें भी आई हैं।




### ठेकेदार ने मिट्टी से पाटकर छोड़ दिया, बारिश होते ही धंस गई

जिस ठेकेदार को पाइप लाइन बिछाने का ठेका दिया है, उसके द्वारा पाइप लाइन बिछाने के बाद गड्ढों को मिट्टी से पाटकर उसे छोड़ दिया है। बारिश होते ही मिट्टी धंस गई है, जिससे गड्ढे और भयंकर रूप ले चुके हैं। ऐसे में इस मार्ग पर गाड़ियों का आवागमन में जहां लोगों को परेशानी हो रही है, वहीं लोगों को पैदल चलने में भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# आरक्षक ने विवाह के 15 दिन के बाद पत्नी को घर से निकाला

## अब हर माह भरण-पोषण के लिए 15 हजार रुपए देने होंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

विवाह के 15 दिनों के बाद एक पुलिस कर्मी ने अपनी पत्नी को न केवल घर से निकाल दिया, बल्कि उसके भरण-पोषण के लिए कोई राशि भी नहीं दे रहा था। छत्तीसगढ़ महिला आयोग ने पीड़ित महिला की शिकायत पर सुनवाई करते हुए फैसला सुनाया कि पुलिस कर्मी हर माह पत्नी को भरण-पोषण के लिए देगा, साथ ही विवाह के समय उसकी पत्नी के परिवार द्वारा दिए गए सभी सामान भी लौटाना होगा।

आयोग की अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति में रायपुर स्थित आयोग कार्यालय में सोमवार को सुनवाई हुई। इस दौरान एक महिला ने तेलीबांधा थाना में पदस्थ आरक्षक पति के विरुद्ध शिकायत की। इस शिकायत में महिला ने बताया कि आरक्षक से विवाह होने के 15 दिन के बाद ही उसके पति ने उसे घर से निकाल दिया है। आयोग की सुनवाई में अनावेदक भी उपस्थित हुआ। आयोग के पूछने पर आरक्षक ने बताया कि वह महीने में 40 हजार रुपए कमाता है। आयोग ने इस पर उसे हर माह पत्नी के भरण-पोषण के लिए 15 हजार रुपए देने के निर्देश दिए और उसकी पत्नी के विवाह के दौरान जो भी सामान लेकर उसके घर आई थी, उसे भी लौटाने के लिए कहा।



### मानसिक स्थिति छिपाकर परिजनों ने करा दी लड़के की शादी

आयोग में एक अन्य प्रकरण में एक महिला ने शिकायत की है कि उसका जिस व्यक्ति से विवाह हुआ है, उसकी मानसिक स्थिति विवाह के पहले से ठीक नहीं है। इस बात को उसके परिजनों ने छिपाकर उसके साथ विवाह कराया है। विवाह के बाद से लगातार सात साल से उसके पति का इलाज चल रहा है, जिसका खर्च उसके पिता उठा रहे हैं। लड़के के परिजन उसके इलाज के लिए कोई खर्च नहीं देते। आयोग ने इस मामले में फैसला सुनाया कि आवेदिका के पति को इलाज की जरूरत है। इसके लिए आयोग ने मानसिक रोग चिकित्सालय ग्राम सेंद्री जिला बिलासपुर को पत्र लिखकर अनुशंसा की है, वहीं आवेदिका के पति के इलाज के दौरान उसके परिजनों को 6 माह के भरण-पोषण के लिए 12 हजार रुपए आवेदिका को देने के निर्देश दिए। इस मामले में अब 6 माह बाद दूसरी सुनवाई होगी।

### पीएमश्री जवाहर नवोदय में क्षेत्र स्तरीय टेबल टेनिस, कटक विजेता

**रायपुर।** पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय माना कैंप में दिनांक 17 से 19 जुलाई तक नवोदय विद्यालय समिति द्वारा त्रिदिवसीय क्षेत्रीय स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न हुई। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माना सीएसपी लंबोदर पटेल एवं विशिष्ट अतिथि सहायक आयुक्त नवोदय विद्यालय समिति भोपाल दीक्षा ज्योति मिश्रा रहीं। अतिथियों का स्वागत और छात्राओं द्वारा सुंदर स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता में भोपाल संभाग अंतर्गत मध्यप्रदेश, ओडिशा एवं छत्तीसगढ़ के पांच संकुल भोपाल, उज्जैन, कटक, बिलासपुर एवं रायपुर के अंडर 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के 60 बालक एवं 58 बालिकाएं कुल 118 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र एवं मैडल प्रदान कर पुरस्कृत किए गए। तत्पश्चात खिलाड़ियों को लेकर आए अनुरक्षक शिक्षकों एवं खेल के निर्णायक सदस्यों को भी स्मृति चिह्न भेंट किए गए।




## बिजनेस साइट

### डॉ. महावीर जौहरी हॉस्पिटल में 'इन्फ्रारेड न्यूरोसर्जरी' सफल, चिकित्सा क्षेत्र में नई उपलब्धि

**रायपुर।** चिकित्सा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए डॉ. महावीर जौहरी हॉस्पिटल, भाटागांव में भारत की पहली इन्फ्रारेड न्यूरोसर्जरी सफलतापूर्वक की गई। यह अत्याधुनिक सर्जरी उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद निवासी 34 वर्षीय हरीश चंद्र पर की गई, जो वर्षों से गले और कमर की रीढ़ संबंधी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे थे। इस विशेष ऑपरेशन में डॉक्टरों ने इन्फ्रारेड तकनीक का इस्तेमाल करते हुए एक ही समय में सर्वाइकल व लंबर स्पाइन की जटिल सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। यह प्रक्रिया न केवल बेहद सटीक रही, बल्कि पारंपरिक सर्जरी की तुलना में ज्यादा सुरक्षित, कम रक्तस्राव वाली और शीघ्र रिकवरी वाली रही। अनुभवी न्यूरोसर्जन डॉ. महावीर जौहरी ने बताया कि यह भारत की पहली इन्फ्रारेड न्यूरोसर्जरी है, जिसे हमने अपनी टीम के सहयोग से सफलतापूर्वक पूरा किया। मरीज अब स्वस्थ हैं और तेजी से रिकवर कर रहे हैं। इस तकनीक से भविष्य में न्यूरो पेशेंट्स को और अधिक लाभ मिलेगा।



### विश्व मस्तिष्क दिवस पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने की अपील



**रायपुर।** विश्व मस्तिष्क दिवस के अवसर पर रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने मस्तिष्क स्वास्थ्य को लेकर लोगों से जागरूक रहने की अपील की है। इस वर्ष की थीम 'मस्तिष्क स्वास्थ्य और रोकथाम' है, जिसमें प्रारंभिक लक्षणों की पहचान और जीवनशैली में बदलाव पर ज़ोर दिया गया है। वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. संजय शर्मा ने कहा कि तनाव, नींद की कमी और डिजिटल ओवरलोड युवाओं में भी न्यूरोलॉजिकल समस्याओं की वजह बन रहे हैं। डॉ. राहुल पाठक ने बताया कि अब 30 से कम उम्र के लोगों में भी ब्रेन डिसऑर्डर्स तेजी से देखे जा रहे हैं। डॉ. अर्पित अग्रवाल ने तकनीक को संयम से इस्तेमाल करने की सलाह दी, जबकि डॉ. उमेश चंद्र ने पोषणयुक्त आहार की अहमियत बताई। रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में उन्नत जांच सुविधाएं और ब्रेन इमरजेंसी टीम्स मौजूद हैं। विशेषज्ञों ने समय रहते जांच और जीवनशैली सुधार की अपील की है।

■ मस्तिष्क स्वास्थ्य को न करें नजरअंदाज

### कोलंबिया ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट्स में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम



**रायपुर।** कोलंबिया ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूटस में रोटरी क्लब ऑफ रायपुर ग्रेटर, सिख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन तथा ग्रीन आर्मी के सहयोग से 1000 से अधिक पौधों का वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संस्थान के एनएसएस और रोटरैक्ट क्लब की सक्रिय भागीदारी रही। जन प्रगति एजुकेशन सोसायटी के अध्यक्ष किशोर जादवानी ने स्वागत भाषण में पर्यावरण संरक्षण को सामूहिक जिम्मेदारी बताया। सचिव हरजीत सिंह हुरा ने 'माँ के नाम एक पेड़' अभियान को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में शामिल प्रतिनिधियों ने प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। अंत में परिसर में वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का समापन हुआ। इस पहल ने स्वच्छ और हरित भविष्य की दिशा में सकारात्मक कदम प्रस्तुत किया।

# कम कीमत में सीमेंट दिलाने का झांसा, नौ लाख की ठगी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व गूगल में कम कीमत पर एक बड़े ब्रांड की सीमेंट दिलाने का झांसा देकर कारोबारी से 8.80 लाख रुपए ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने दो जालसाजों को उत्तरप्रदेश, बिहार से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में एक पेशे से इंजीनियर है। जालसाज का एक साथी पुलिस को झांसा देने ठगी की रकम पूर्वोत्तर के राज्यों में जाकर निकाल कर अपने साथी तक पहुंचाता था।

■ पुलिस को झांसा देने अलग-अलग राज्यों में जाकर एटीएम से रकम करते थे आहरण



अवंति विहार निवासी भारत भूषण गुप्ता की शिकायत पर रेंज साइबर पुलिस ने उत्तरप्रदेश, अलीगढ़ निवासी अजय सिंह तथा बिहार, पटना निवासी सुजीत सिंह को ठगी के आरोप में गिरफ्तार किया है। भारत भूषण ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि गूगल में बाजार मूल्य से कम कीमत पर अल्ट्राटेक सीमेंट बेचने विज्ञापन जारी किया गया था। दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने पर जालसाज अजय सिंह ने भारत भूषण को झांसा देते हुए सीमेंट देने के नाम पर म्यूल अकाउंट में पैसा ट्रांसफर कराकर ठगी का शिकार बनाया।

ठगी की रकम को अजय के अकाउंट में ट्रांसफर करने सुजीत पूर्वोत्तर राज्य में जाकर ठगी की रकम एटीएम से निकालकर अजय के अकाउंट में ट्रांसफर करता था। पूछताछ में दोनों जालसाजों के अलग-अलग राज्य के और लोगों के साथ ठगी करने की जानकारी रेंज साइबर पुलिस को मिली है।

### जालसाजों के संपर्क में आने से ठग बना इंजीनियर

अजय सिंह ने बीएससी आईटी से किया। कुछ जगह प्राइवेट नौकरी करने के बाद वह ठगों से जुड़ गया। उसे म्यूल बैंक खातों में पैसे जमा करने के बदले में रकम मिलती थी। दो साल से वह लगातार काम कर रहा था। वहीं आरोपित सुजीत सिंह बिहार का रहने वाला है। वह गुवाहाटी में एलआईसी एजेंट का काम करता था। इसके बाद वह काम छोड़ कर पटना आ गया। इसके बाद वह ठगी के काम से जुड़ गया।

### बुजुर्ग दंपति की हत्या झोलाछाप डॉक्टर गिरफ्तार

**रायपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र के विरोदा गांव में बुजुर्ग दंपति भूखन ध्रुव (62) उसकी पत्नी रुखमणी ध्रुव (60) की निर्ममता पूर्वक गला रेतकर हत्या करने के आरोप में पुलिस ने एक झोलाछाप डॉक्टर राकेश बारले तथा उसके कुछ सहयोगियों को गिरफ्तार किया है। हत्या की वजह आपसी रंजिश बताई जा रही है। झोलाछाप डॉक्टर की दंपति के साथ किस बात को लेकर रंजिश थी। इस पूरे मामले का पुलिस मंगलवार को खुलासा करेगी। भूखन ध्रुव गांव के एक किसान के खेत में काम करने जाता था, एक जुलाई को वह काम करने नहीं पहुंचा। काम पर नहीं पहुंचने पर बुजुर्ग का पड़ोसी उसे काम पर बुलाने घर पहुंचा, तो दरवाजा खुला मिला। घर के अंदर जाने पर भूखन मृत हालत में मिला। इसके बाद भूखन के पड़ोसी ने ग्रामीणों की मदद से घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने मकान के अंदर प्रवेश किया, तो उन्हें भूखन के साथ उसकी पत्नी की लाश मिली। दंपति की हत्या के बाद पुलिस अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर पड़ताल में जुटी हुई थी। इसी दौरान पुलिस को एक झोलाछाप डॉक्टर का बुजुर्ग दंपति के साथ रंजिश की जानकारी मिली। करीब 10 संदेहियों के साथ पूछताछ करने के बाद पुलिस ने झोलाछाप डॉक्टर तथा कुछ अन्य लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो झोलाछाप डॉक्टर द्वारा हत्या का अपराध कबूल करने की जानकारी सूत्रों ने दी है।



# महादेवघाट मुक्तिधाम की जेसीबी और मेनुअल सफाई, कचरा उठाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

शहर के महादेवघाट स्थित मुक्तिधाम परिसर की सोमवार को नगर निगम ने सुध ली। जोन 8 के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जेसीबी मशीन और सफाई मित्रों की सहायता से मुक्तिधाम परिसर को साफ किया। इसके साथ ही आम जनता में स्वच्छता से जागरूकता का संदेश दिया। परिसर में सफाई कर कचरा एकत्रित करने में निगम के कर्मचारी जुटे रहे।

■ जोन 8 के स्वास्थ्य विभाग ने चलाया अभियान

महापौर मीनल चौबे के निर्देश पर 1 जुलाई से 31 जुलाई को सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर निगम जोन 8 की टीम ने जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन और जोन स्वच्छता निरीक्षक रितेश झा की उपस्थिति में सफाई मित्रों द्वारा मेनुवल सफाई कराई गई। इसके साथ ही मुक्तिधाम परिसर में जमा कचरे को निगम की कचरा गाड़ी से परिवहन कराया गया। मुक्तिधाम परिसर में परिजनों के अंतिम संस्कार करने आने वालों के द्वारा गद्दा, तकिया, पुराने चादर , बांस की खपच्ची सहित अन्य सामग्री परिसर में ही छोड़ने से परिसर में गंदगी पसरी हुई थी, जिसे जेसीबी मशीन से उठाकर निगम के सफाई वाहन में डालकर परिसर को साफ-सुथरा किया गया।







हरिभूमि
रायपुर, मंगलवार 22 जुलाई 2025
लाइव



पंडरी से भक्तों द्वारा निकाले गए कांवड़ यात्रा में पांच साल के बच्चों से लेकर 50 से 60 साल की उम्र वाले भक्त भी जयघोष करते हुए कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। इसका समापन महादेव घाट में अभिषेक के बाद किया गया।

## नृत्य से सजी सावन उत्सव की शाम, रुपाली बनीं क्वीन



रायपुर। सुंदर नगर की महिलाओं ने सावन उत्सव धूमधाम से मनाया। एक स्थानीय होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में कॉलोनी की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में भजन-नृत्य, फैंसी ड्रेस और मेहंदी जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सुंदर प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल पूरी तरह सावनमय हो गया। आयोजन में संगीत, नृत्य और सांस्कृतिक रंगों की छटा बिखेरी। कार्यक्रम के अंत में सावन क्वीन प्रतियोगिता में रुपाली बक्षी को विजेता घोषित किया गया। आयोजन में सौहार्द्र, उमंग और महिलाओं की रचनात्मकता की झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान महक बजाज, श्रुति तिवारी, रुपाली बक्षी, अदिति जोशी, रानी गुप्ता, सीमा अग्रवाल, आरती शर्मा, रुचि पटेरिया, लक्ष्मी साहू आदि उपस्थित रहीं।



### कायस्थ समाज ने मनाया सावन उत्सव

वृंदावन पैलेस में छत्तीसगढ़ कायस्थ समाज द्वारा सावन उत्सव आयोजित किया गया, जिसमें कायस्थ समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कायस्थ समाज के संरक्षक रज्जन श्रीवास्तव, प्रदेश महिला विंग की अध्यक्ष विनीता श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष अमृता श्रीवास्तव ने आयोजन को यादगार बनाया। इस दौरान मुख्य अतिथि सोनम श्रीवास्तव व छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाइज कार्पोरेशन के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मनोरंजक खेल आयोजित किए गए।

## सिटी इवेंट

## टैटू बनवाने का क्रेज, भगवान के नाम मंत्र व चेहरे की आकृति शरीर पर गुदवा रहे शिवभक्त



**रायपुर।** शिवभक्तों के लिए केदारनाथ व अमरनाथ यात्रा चल रही है। भगवान शिव का प्रिय सावन का महीना भी चल रहा रहा है। हर भक्त किसी न किसी तरह भगवान शिव के प्रति अपनी भक्ति दिखाता है। कोई पूजा-पाठ करके तो कोई मीलों यात्रा करके भगवान शिव के दर्शन के लिए जाता है। वहीं अब नए ट्रेंड के हिसाब से लोग अपने शरीर पर भगवान शिव के नाम, मंत्र व पोर्ट्रेट का टैटू बनवाना पसंद कर रहे हैं। जैसे ही शिवजी की भक्ति का महीना आता है, वैसे ही लोग, खासकर युवाओं में धार्मिक टैटू बनवाने का क्रेज बढ़ने लगता है। टैटू आर्टिस्ट की मानें तो सावन के महीने व कांवड़ यात्रा के दौरान टैटू बनने शुरू हो जाते हैं। दिन में 3 से 4 युवा टैटू बनवाने आ रहे हैं।

### रूद्र रूप का भी टैटू बनवा रहे

आर्टिस्ट मान ने बताया कि वैसे तो 12 महीने टैटू बनाते हैं, लेकिन सावन शुरू होते ही भगवान शिव के टैटू ज्यादा बनने शुरू हो जाते हैं। खासतौर पर कांवड़ लेकर जाने वाले भक्त शरीर पर टैटू बनवाना काफी पसंद करते हैं। वे अघोरी स्वरूप का टैटू बनवाते हैं। इन दिनों कोई महामृत्युजंय मंत्र में त्रिशूल, कोई शिव पोर्ट्रेट में, कोई शांत स्वरूप, कोई अघोरी स्वरूप तो कोई तांडव करते हुए रौद्र रूप में टैटू बनवाना पसंद कर रहा है। भगवान शिव के टैटू का ट्रेंड सावन में ज्यादा देखने को मिलता है।

### बेहिसाब खर्च करने को तैयार



टैटू आर्टिस्ट ने बताया कि इन दिनों रोजाना 2 से 3 युवा टैटू बनवाने आ रहे हैं। कोई भगवान शिव का पोर्ट्रेट मंत्र के साथ तो कोई शिव मंत्र तो जय महादेव, महाकाल आदि के टैटू बनवा रहा है। उन्होंने बताया कि छोटे टैटू बनाने में तो आधा घंटा लगता है, लेकिन पोर्ट्रेट बनाने में लगभग 5 घंटे लगते हैं। लोग महामृत्युंजय मंत्र भी लिखवाना पसंद कर रहे हैं। छोटे टैटू बनवाने में 2500 रुपए का खर्च आता है, वहीं बड़े पोर्ट्रेट बनवाने में 12 हजार से 30 हजार तक का खर्च आता है।

### मंत्र गुदवा रहे शिवभक्त

आर्टिस्ट केशव ने बताया कि लोग धार्मिक टैटू बनवाना पसंद करते हैं, लेकिन भगवान शिव के प्रति भी भक्तों की गहरी आस्था है, इसलिए लोग भगवान शिव के प्रतीक डमरू, त्रिशूल आदि जैसे पवित्र चिह्नों का अपने शरीर पर टैटू बनवाते हैं। इन दिनों मंत्र टैटू में अंत अस्ति प्रारंभ व सर्वस्यापी भवते मंत्र लिखवाया जा रहा है।

### शिवालयों समेत महादेवघाट रूट पर भी सावन के दूसरे सोमवार को लगा रहा कांवड़ियों का मेला

# शिवालयों में दर्शन करने कांवड़ियों का तांता पीपल के पत्तों और फूलों से किया श्रृंगार

*'शिवालयों में दर्शन करने के लिए रविवार की मध्यरात्रि से ही कांवड़ियों का मेला लगने लगा था। छोटे-छोटे समूह में अलग-अलग क्षेत्र से भक्तों द्वारा निकाली गई कांवड़ यात्रा के चलते जहां उत्साह देखने को मिला, वहीं भगवान भोलेनाथ का दिव्य श्रृंगार करने के लिए सावन के दूसरे सोमवार को होड़ मची। किसी ने 501 पीपल के पत्तों पर श्रीहरि लिखकर महादेव का हरित श्रृंगार किया, तो कहीं फूलों से शिव श्रृंगार किया। महादेव को महाकाल के रौद्र और सौम्य रूप में श्रृंगार दर्शन भक्तों ने किया।'*



महामाया मंदिर स्थित शिवालय में दर्शन के लिए सैकड़ों लोग पहुंचे। भक्तों ने दूसरे सोमवार को शिवलिंग का महाकाल स्वरूप में दर्शन प्राप्त किया। लोगों ने दिव्य स्वरूप की तस्वीर भी बनवाई।



बाबा श्री सुरेश्वर महादेव का पूजन डॉ. स्वामी राजेश्वरानंद के नेतृत्व में पांच आचार्यो के साथ मंत्रोच्चार करते हुए किया। यजमान के रूप में निखिल अग्रवाल और रश्मि अग्रवाल ने पूजा अर्चना की। प्रथम पूज्य गणेश वंदना के साथ शिव परिवार की पूजा करते हुए गाय के दूध से शुक्ल यजुर्वेद रुद्राष्टाध्याई का पाठ किया गया। शाम 4 के बाद भगवान का नीलकंठ के स्वरूप में श्रृंगार और इसके बाद महा आरती की गई।



बुढेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं को 12 बजे तक जलाभिषेक करने का लोगों को मिला। इसके बाद मुख्य पंचमुखी शिवलिंग पर जंगल के बीच सावन की झड़ी में आकर्षक श्रृंगार दर्शनिय था। विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना करते हुए आराध्य देव का श्रृंगार दर्शन प्राप्त किया। शाम को महाआरती में सैकड़ों की तादाद में भक्त परिवारों ने भाग लिया।

**रायपुर।** राजधानी के प्राचीन शिवालयों में दूसरे सोमवार को भी भक्तों की भीड़ सुबह से ही उमड़ने लगी थी। इसके चलते मंदिर प्रबंधन ने लोगों को सुविधा देने के लिए सेवकों की ड्यूटी लगाई थी। सूर्योदय से पहले ही आचार्यों और पुरोहितों ने सभी प्रमुख शिव मंदिरों में धार्मिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना और अभिषेक करने के बाद महादेव की मूर्ति और शिवलिंग का साज-श्रृंगार करते हुए अलौकिक स्वरूप दिया। जैसे ही शिवालयों के पट खुले, दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु एक-एक करके गर्भगृह में दर्शन के लिए आगे बढ़े। महादेव घाट में कांवड़ियों का जत्था पहुंचने से दर्शनार्थियों को कुछ देर के लिए प्रवेश रोकते हुए कांवड़ियों को दर्शन करने में सहयोग दिया गया। कांवड़ियों आराम करने और भोग प्रसादी की सुविधा दी गई।





सर्व ब्राह्मण समाज ने बुढेश्वर महादेव से जल लेकर महादेव घाट हाटकेश्वर नाथ महादेव को अभिषेक करने निकले। कांवरियों का पंडित महेश पांडे ने तिलक स्वागत किया। भगवा और पीले पोशाक में भक्त 11 पंडितों के शंख ध्वनि के साथ ललित मिश्रा ने धर्म ध्वज लहराकर यात्रा का शुभारंभ किया।



*बसंत विहार कॉलोनी गोंदवारा स्थित कैलाश गिरी शिव मंदिर में भक्तों की भीड़ रही। रूद्राभिषेक और कैलाश गिरी बाबा का विशेष श्रृंगार किया गया। दूसरे सोमवार को भी मंदिर में उत्सव का माहौल रहा।*



*टिकरापारा बस स्टैंड के पास स्थित श्रीहर नीलकंठेश्वर महादेव का फूलों से दिव्य साज-श्रृंगार किया गया। इसकी एक झलक पाने के लिए भक्तों का तांता लगा। शाम को महाआरती में भी श्रद्धालु शामिल हुए।*



*अवंती विहार व्यापारी संघ द्वारा विजय नगर स्थित महाकालेश्वर मंदिर में शिव का रुद्राभिषेक, महाआरती की गई। इसमें राजकुमार राठी, किशोरचंद नायक, सुब्रत घोष, संतोष श्रीवास्तव,अशोक गुप्ता शामिल हुए।*



*महाराजबंध तालाब के पास स्थित प्राचीन शिव-पार्वती की आमने-सामने मूर्ति होने से इनका श्रृंगार दर्शन करने के लिए भक्तों की आवाजाही दिनभर रही। शाम को भोग-प्रसादी का भी वितरण किया गया।*



*ब्राह्मण पारा और कंकालीपारा के भक्तों ने कंकाली तालाब से जल लेने के बाद कांवड़ियों का दल भक्ति भाव से आयोजन का हिस्सा बने। श्रद्धालुओं का जत्था अजय साहू की अगवानी में कांवड़ यात्रा में शामिल हुए। आशीष दीवान ने कांवड़ियों को रवाना किया।*

## 50 गांव के वासियों ने दो-दो पैसे, एक-एक मुट्ठी चावल और श्रमदान से टोलाघाट में सजाया शिव का धाम

रायपुर। शहर से सटे खारून तट के दूसरे छोर पाटन में स्थित टोलाघाट आने-जाने वाले लोगों ने 80 साल पहले एक विशाल पत्थर पर नंदी के खुर का निशान देखा था। श्री शिव मंदिर समिति द्वारा अभी इसका संचालन किया जाता है। समिति के प्रमुख मनोहर निषाद ने बताया कि 1945 में नदी में विशाल पत्थर पर नंदी के खुर का प्रतिक देखने के बाद मारूराम निषाद सहित रायपुर और दुर्ग जिले में रहने वाले 24 गांव के लोगों ने मिलकर टोलाघाट नदी में जहां नंदी का प्रतिक मिला, वहीं पर शिव मंदिर बनवाने का निर्णय लिया। तब एक-एक मुट्ठी चावल और दो-दो पैसा सहयोग राशि के रूप में 50 गांव के निषाद एवं अन्य समाज के लोगों ने सहयोग दिया। इससे मंदिर निर्माण का सिलसिला शुरू हुआ।





### लोगों का मनोरथ पूरा करते हैं भगवान शिव

समिति के लोगों ने बताया कि जिन-जिन परिवारों ने इस मंदिर निर्माण में सहयोग दिया था, उनका शिव ने हर मनोरथ पूरा किया। उन दिनों संतान और विवाह नहीं होने पर लोग मन्नत लेकर पहुंचते थे। पूरा होने से भक्तों का लगाव बढ़ता गया और अब प्रमुख पर्यटन क्षेत्र और आस्था केन्द्र के रूप में लोगों के बीच ख्याति प्राप्त इस मंदिर में ऐसा कोई भी साल नहीं बिता, जब सावन में लोगों को भगवान ने दर्शन से वंचित किया हो, कुछ दिनों पहले हुई तेज बारिश से आए नदी में उफान के बाद अब लोग मंदिर तक पहुंने लगे हैं।

### बारूद से तोड़ी चट्टान, श्रमदान से बनाया मंदिर

तब क्रेन जैसे संसाधन नहीं थे। लोगों ने तीन बैलगाड़ी के चक्कों की मदद से 20 से 25 फीट ऊपर एक -एक टन का चट्टान चढ़ाया। 10 लोग जहां रोज चट्टानों को तराशते थे, वहीं 40 लोगों के दल ने 39 साल तक टोलाघाट स्थित शिव मंदिर को आकार देने में लगा दिया। तब 1984 में मंदिर बनकर तैयार हुआ। इसमें भेड़ाघाट से लाए गए शिवलिंग को स्थापित किया गया। अभी जो स्वरूप लोगों को देखने को मिल रहा है, इसके पिछे 39 वर्षों तक निषाद समाज की अगवाई में अन्य समाज के लोगों द्वारा किए गए सहयोग से ही आस्था केन्द्र आकार ले पाया है।



*हाटकेश्वर नाथ मंदिर में महादेव ने उज्जैन के महाकाल की तर्ज पर रौद्ररूप में श्रृंगार दर्शन दिया। इसके पहले महादेव घाट स्थित हाटकेश्वर मंदिर में मध्यरात्रि दो बजे भस्म आरती की गई। सुबह मंदिर का पट श्रृंगार आरती के बाद खोला गया। महादेव घाट में मध्यरात्रि से लेकर देर-रात तक कांवड़ियों का तांता लगा। लाखेनगर, पुरानीबस्ती, पंडरी, गुढ़ियारी सहित दुर्ग जिले से भी कांवड़ियों का जत्था अभिषेक करने पहुंचा। इससे मंदिर परिसर में दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतार लगी। व्यवस्था बनाने का दायित्व तय किए गए सेवकों ने निभाया।*



*लाखेनगर स्थित खदानेश्वर महादेव मंदिर में श्रावण मास के सोमवार को महादेव का फूलों और बेलपत्र से विशेष श्रृंगार किया गया। सुबह से शाम तक आसपास के लोग ही नहीं बल्कि कांवड़ यात्रा का हिस्सा बने श्रद्धालु भी आते-जाते दिव्य श्रृंगार दर्शन के लिए पहुंचे। यह सिलसिला देर-शाम तक चलता रहा।*




*शिव बजरंग मंदिर जोरापारा में श्रद्धा के साथ भक्तों ने शिव का विशेष श्रृंगार किया। भक्तों ने 501 पीपल के पत्तों पर हरिहर लिखने के बाद उन्हीं हरे पत्तों को गुथने के बाद आकर्षक माला तैयार किया। इससे बाबा का मनोहारी श्रृंगार दर्शन करने के लिए पहुंचने वाले भक्तों ने बाबा को हरित श्रृंगार में देखकर उनकी छवि को कैमरे में कैद किया। भक्तों ने जलाभिषेक,रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन के माध्यम से अपनी श्रद्धा अर्पित की। शिवालय में भक्तों की भीड़ होने से माहौल महादेव के जयघोष से सराबोर हुआ।*



बूढ़ापारा स्थित गणेश शिव मंदिर में सुबह से ही उपासकों एवं श्रद्धालुओं की आना-जाना लगा रहा। यहां भक्तों ने फूलों से शिव को आकर्षक स्वरूप दिया था, जो लोगों को आकर्षित कर रहा था।

सिटी लाइव

## एचएनएलयू को नवाचार रैंकिंग में 46वां स्थान रिसर्च हब मॉडल को मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान



**रायपुर।** हिदायतुल्ला राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय विश्वविद्यालय नवाचार रैंकिंग-2025 के विजनरी लीडरशिप बी-1 श्रेणी में दुनियाभर में 46वां स्थान हासिल किया है। डब्ल्यूयूआरआई 2025 रैंकिंग के तहत दुनियाभर के 1350 विश्वविद्यालयों से आए 4,866 नवाचार केस स्टडीज का मूल्यांकन किया गया। इन प्रविष्टियों को 203 अकादमिक नेताओं की एक अंतरराष्ट्रीय समिति ने नवाचार, क्रियान्वयन और सामाजिक प्रभाव जैसे मानकों पर परखा। इस वर्ष भागीदारी में पिछले साल की तुलना में 70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। कुलपति प्रो. डॉ. वी.सी. विवेकानंदन ने कहा कि 2023 में शुरू की गई रिसर्च हब एंड स्पोक पहल जिसमें पांच रिसर्च स्कूल और 25 अंतरविषयक अनुसंधान केंद्र शामिल हैं।अब फल देने लगी है। हमारे संकाय और छात्र महत्वपूर्ण शोध परियोजनाएं हासिल कर रहे हैं। डब्ल्यूयूआरआई की यह वैश्विक मान्यता दीर्घकालिक दृष्टि और लक्ष्यों को और गति प्रदान करेगी।

### विश्व के चुनिंदा विवि में बनाई जगह

डब्ल्यूयूआरआई रैंकिंग का आयोजन आईपीएस स्विट्जरलैंड द्वारा किया जाता है, जिसे हैंसियाटिक लीग ऑफ यूनिवर्सिटीज का समर्थन प्राप्त है और **iSTAT** प्रायोजक है। पारंपरिक विश्वविद्यालय रैंकिंग से अलग, डब्ल्यूयूआरआई वास्तविक दुनिया में मूल्य सृजन पर जोर देता है और उन संस्थानों को सम्मानित करता है, जो साहसिक, रचनात्मक और सामाजिक रूप से उत्तरदायी शिक्षा मॉडल अपनाते हैं। इस उपलब्धि के साथ एचएनएलयू ने विश्व के उन चुनिंदा विश्वविद्यालयों में जगह बना ली है, जो उच्च शिक्षा में नेतृत्व और नवाचार की नई परिभाषा गढ़ रहे हैं।

कला केंद्र में क्लासिकल संगीत, पियानो, गिटार, वेस्टर्न डांस, बांसुरी, सितार, हारमोनियम सीखने का बढ़ा क्रेज

# ऑफिस वर्क, पढ़ाई का तनाव दूर भगाने म्यूजिक क्लासेस में दिलचस्पी, सुर-ताल की साधना से कर रहे मेडिटेशन

*गीत-संगीत सात सुरों की साधना तन-मन के लिए सबसे बेस्ट मेडिटेशन माना जाता है। संगीत, विशेष रूप से भारतीय शास्त्रीय संगीत में सात सुरों का उपयोग शरीर और मन को शांत करने और ध्यान केंद्रित करने में मदद करता है। इन सुरों का अभ्यास, विशेष रूप से मंद्र, मध्य और तार सप्तक में, शरीर के विभिन्न अंगों, जैसे पेट, फेफड़े, हृदय, गले, मुख और मस्तिष्क के लिए व्यायाम का काम करता है। वहीं संगीत, विशेष रूप से वाद्य संगीत, तनाव कम करने और एकाग्रता बढ़ाने में मदद करता है।*



### 8 साल का आद्यविक सीख रहा पियानो

*पियानो क्लास के कलागुरु यश मत्स्यपाल ने बताया कि पियानो क्लास में हर वर्ग उम्र के लोगों की अच्छी रुझान बढ़ा है। 8 साल का आद्यविक साहू और 15 साल का भाविक यदु पढ़ाई के साथ-साथ पियानो क्लास आ रहे हैं। पियानो क्लास में ज्यादातर स्टूडेंट्स व ऑफिस वर्क करने वाले प्रशिक्षु हैं।*

रायपुर। संगीत साधना को योग और ध्यान के समान माना जाता है, क्योंकि यह मन को शांत करने और विचारों को शुद्ध करने में मदद करता है। यही वजह है कि प्रतियोगी परीक्षाओं, स्कूल-कॉलेज अध्यापन में लगे युवा, बच्चे और ऑफिस वर्क करने वाले लोग अब गीत-संगीत कला से मेडिटेशन के लिए जुड़ रहे हैं। शहर में स्थापित कला केंद्र में संचालित विभिन्न कला प्रशिक्षण कक्षाओं में प्रतियोगी परीक्षाओं, स्कूल-कॉलेज अध्यापन में लगे युवा, बच्चे और ऑफिस वर्क करने वाले लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। कला केंद्र में क्लासिकल संगीत, पियानो, गिटार, वेस्टर्न डांस, बांसुरी, सितार, हारमोनियम आदि का



प्रशिक्षण लेने पहुंच रहे युवाओं, बच्चे और बड़ों से हरिभूमि की टीम ने बातचीत की तो ज्यादातर कला प्रशिक्षुओं का कहना है कि वे ऑफिस वर्क और पढ़ाई-लिखाई से होने वाले स्ट्रेस को दूर भगाने कला केंद्र की म्यूजिक क्लासेस ज्वॉइन किए हैं। कला केंद्र में विविध कलाओं में प्रशिक्षण दे रहे कला गुरुओं का मानना है कि कला केंद्र में वेस्टर्न डांस क्लासेस, गीत-संगीत, योग, व्यायाम सीखने वालों का क्रेज लगातार बढ़ रहा है।



### दो सप्ताह पहले ही ज्वाइन की क्लासिकल संगीत क्लास

इंडियन क्लासिकल संगीत का प्रशिक्षण ले रहीं आशा साहू और रामेश्वरी साहू ने बताया कि दो सप्ताह पहले ही संगीत की कक्षा ज्वाइन की है। उनका संगीत से लगाव है। इसके साथ ही संगीत मन को ताजगी से भर देता है। ऐसे में हॉबी और मन मस्तिष्क का तरोताजा रखने के लिए संगीत की कक्षा को ज्वाइन की है। वहीं इंडियन क्लासिकल संगीत का प्रशिक्षण दे रहे रमाकांत पटेल ने बताया कि कला केंद्र में हर वर्ग के प्रशिक्षुओं को इंडियन क्लासिकल संगीत का प्रशिक्षण दे रहे हैं। संगीत की क्लास में कोई माइंड रिफ्रेशमेंट के लिए आता है तो कोई अपने संगीत के सपने को पूरा करने आता है।



### गिटार बजाने से माइंड होता है रिलेक्स

*कला केंद्र में गिटार का प्रशिक्षण ले रहे दीपक स्वर्णकार का कहना है कि वे विद्युत विभाग के दफ्तर में कार्यरत हैं। गिटार क्लासेस ऑफिस वर्क का स्ट्रेस दूर करने ज्वाइन की है। उन्होंने बताया कि गिटार बजाने से उन्हें रिलेक्स फील होता है, सारा वर्कलोड व थकान छूमंतर हो जाते हैं। वहीं स्टूडेंट वैदेही ठाकरे ने बताया कि गिटार वादन से नई ऊर्जा मिलती है। कला केंद्र में गिटार कला गुरु राहुल ठाकुर ने बताया कि कोई मेडिटेशन के लिए तो कोई क्लास में हॉबी के लिए गिटार सीखने पहुंच रहे हैं।*

### एनआईटी का स्टूडेंट सीख रहा बांसुरी व सितार

*कला केंद्र में बांसुरी व सितार वादन प्रशिक्षण ले रहे सूर्यकांत चंदेल ने बताया कि वह एनआईटी में मेटालर्जी डिपार्टमेंट का स्टूडेंट है।उसकी हॉबी और पढ़ाई-लिखाई से माइंड स्ट्रेस भी बांसुरी व सितार वादन से गायब हो जाता है। लगभग एक साल से कला केंद्र में बांसुरी व सितार का प्रशिक्षण ले रहा हूं। उनका कहना है कि बांसुरी और सितार वादन से मेरे मन की एकाग्रता बढ़ी है।*

लाइव इवेंट

## पारिवारिक उत्सव की तरह मनाया वृक्षारोपण, बच्चों ने दिखाई रचनात्मक कला




**रायपुर।** रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कॉस्मोपॉलिटन ने रोटरी कॉस्मो दिवास और इनरव्हील क्लब के सहयोग से शंकरनगर स्थित सृष्टि इम्पीरिया में एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम में लगभग 200 सदस्यों, उनके परिवारों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्थानीय क्षेत्र में हरियाली व पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए एकजुट हुए। यह केवल एक वृक्षारोपण कार्यक्रम नहीं था, बल्कि इसे पारिवारिक उत्सव के रूप में भी मनाया गया, जिसमें मिट्टी के बर्तन बनाना, पौधों के गमलों की सजावट, मेहंदी कला और "ग्रीन सिग्नेचर मैसेज" जैसी रचनात्मक और पर्यावरण अनुकूल गतिविधियां शामिल थीं। इस पहल ने न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाई, बल्कि प्रतिभागियों में रचनात्मकता और आपसी सौहार्द्र को भी बढ़ावा दिया। सदस्यों और बच्चों ने इस दिन का भरपूर आनंद उठाया, जिससे यह एक यादगार और सफल हरित उत्सव बन गया और क्लबों की समाजसेवा तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता को और भी मजबूत किया।

## किसी को दुख पहुंचाया तो पीड़ा जीवन में जरूर लौटकर आएगी

**रायपुर।** दादाबाड़ी में आत्मोत्थान चातुर्मास 2025 के अंतर्गत चल रहे प्रवचन श्रृंखला में हंसकीर्ति श्रीजी धर्मरत्न प्रकरण ग्रंथ का पठन कर रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को उन्होंने कहा कि जीवन एक मूल्यवान अवसर है, जिसे हमें इस प्रकार जीना चाहिए कि हमारे कार्यों से किसी को पीड़ा या कष्ट न पहुंचे। किसी भी स्थिति में ऐसा कोई काम न करें, जिससे किसी के मन को ठेस लगे या उनके जीवन में दुख आए। कई बार लोग अपने स्वार्थ या क्रोध में आकर दूसरों को नुकसान पहुंचा देते हैं और यह सोचते हैं कि इससे उन्हें कोई लाभ मिलेगा या वे अधिक सुखी हो जाएंगे, लेकिन यह सोच पूरी तरह से भ्रम है। वास्तविकता यह है कि संसार का हर कर्म एक ऊर्जा की तरह कार्य करता है। यदि आपने किसी को दुख दिया है, तो वह पीड़ा आपके ही जीवन में किसी न किसी रूप में लौटकर जरूर आएगी। कर्मसत्ता यानी ईश्वर की न्याय प्रणाली बहुत ही सूक्ष्म और अचूक है। आपके हर अच्छे-बुरे कर्म का लेखा-जोखा रखा जाता है। हो सकता है कि वर्तमान में आपको अपने गलत कर्मों का परिणाम न दिखे, लेकिन समय आने पर उनका फल अवश्य मिलता है।



### आत्मा हमेशा आनंद में रहती है, हमें मूल स्वरूप को पहचानना है



टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में चातुर्मासिक प्रवचनमाला में सोमवार को उपाध्याय प्रवर युवा मनीषी मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि उच्च आकांक्षा होनी चाहिए, लेकिन महत्वाकांक्षा नहीं होनी चाहिए। मैं ऊपर उठूं, मेरा जीवन ऊपर उठे, मैं गुणों से ऊपर उठ जाऊं, मैं अपनी पवित्रता एवं सद्गुणों में ऊपर उठ जाऊं, यह भावना तो सभी की होनी चाहिए। मैं महत्वपूर्ण बन जाऊं, मुझे महत्व मिले, मेरा नाम हो, मेरी प्रसिद्धि हो, मेरी पहचान हो ऐसी महत्वाकांक्षा नहीं होनी चाहिए। अपने भीतर क्या है, यह अपने को टटोलना है। कहीं उच्च आकांक्षा की आड़ में महत्वाकांक्षा तो नहीं है, क्योंकि महत्वाकांक्षा बहुत खतरनाक चीज है।

### दादा गुरुदेव इकतीसा की धूम दादाबाड़ी में

27 दिवसीय दादा गुरुदेव इकतीसा रात्रि 8 से 10 बजे तक खरतरगच्छ युवक परिषद के संयोजन सुरेश भंसाली के मार्गदर्शन में निरन्तर गतिमान है। आज इकतीसा पश्चात भक्ति शताब्दी ढेलड़िया की रही, जिन्होंने दादा गुरुदेव के प्राचीन व सुमधुर प्रस्तुति दी। आज की भक्ति अंकित लोढ़ा की रहेगी। आत्मोत्थान चातुर्मास समिति 2025 के अध्यक्ष अमित मुणोत ने बताया कि दादाबाड़ी में सुबह 8.45 से 9.45 बजे साध्वीजी का प्रवचन होगा। आप सभी से निवेदन है कि जिनवाणी का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

## श्री नाकोड़ा भैरव महापूजन 27 जुलाई को

### 200 से अधिक जोड़ों ने कराया पंजीकरण

**रायपुर।** श्री विमलनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट व भाव उल्लास चातुर्मास समिति के तत्वावधान में श्री नाकोड़ा भैरव महापूजन 27 जुलाई रविवार को श्री नाकोड़ा भैरव सोसायटी रायपुर में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। मनोज बाबूलाल हरण के मार्गदर्शन में पूजन पूर्ण विधि-विधान से जयपाल विजय, प्रियदर्शी विजय, तीर्थप्रेम विजय व साध्वी अक्षय निधिजी की निश्रा में संपन्न होगा। 20 जुलाई तक 200 से अधिक जोड़ों ने पंजीकरण कराया है और कुल 500 से अधिक श्रद्धालु पूजन में भाग लेंगे।



समिति सदस्यों राजेश सिंगी, चेतन शाह और कमल लोढ़ा ने बताया कि पुरुषों को धोती-दुपट्टा, महिलाओं को साड़ी तथा सहपूजन पीठ लाभार्थियों को पूजन वस्त्र-सामग्री व भव्य भैरव प्रतिमा प्रदान की जाएगी। वस्त्र व सामग्री 25 जुलाई को नैवेद्य परिवार के सहयोग से वितरित की जाएगी। यंत्र आदि की व्यवस्था रवि-सरिता दोषी परिवार द्वारा की जाएगी। पूजन के बाद स्वामी वात्सल्य भी होगा। यह पहला अवसर है, जब छत्तीसगढ़ में इतने बड़े स्तर पर एक साथ इतने जोड़े महापूजन करेंगे। पूजन पीठ के प्रमुख लाभार्थी को विशेष लाभ पूजन दिवस पर ही दिया जाएगा।

## प्लास्टिक दो, सर्फ-साबुन पाओ! महिलाओं ने रिसाइकलिंग को बनाया ईनामी अभियान

**अभियान में कर्मचारियों और अधिकारियों को प्लास्टिक एकत्र करने के लिए जागरूक किया जा रहा**



**रायपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे महिला कल्याण संगठन (सेक्रो) मुख्यालय द्वारा रेलवे क्षेत्र को स्वच्छ रखने और पर्यावरण की रक्षा के लिए एक सराहनीय पहल शुरू की गई है। इस पहल के तहत "स्वच्छता ही सेवा" के भाव को अपनाते हुए सेक्रो कार्यालय में बेकार प्लास्टिक वस्तुएं जैसे बोतलें, रैपर और प्लास्टिक के डिब्बे एकत्र किए जा रहे हैं, जिन्हें आमतौर पर फेंक दिया जाता है। खुले में प्लास्टिक फेंकने से न केवल पर्यावरण को नुकसान होता है, बल्कि यह इंसानों और जानवरों दोनों के लिए खतरनाक हो सकता है। इसलिए सेक्रो द्वारा इकट्ठी की गई प्लास्टिक वस्तुओं को रिसाइकलिंग के लिए भेजा जाएगा, जिससे पर्यावरण की सुरक्षा में मदद मिलेगी।इस अभियान में कर्मचारियों और अधिकारियों को



प्लास्टिक एकत्र करने के लिए जागरूक और प्रेरित किया जा रहा है। खास बात यह है कि इसमें भाग लेने वालों को पारंपरिक पुरस्कारों की जगह सर्फ, साबुन, रिन जैसी सफाई में काम आने वाली चीजें दी जा रही हैं। इससे न केवल उनका उत्साह बढ़ रहा है, बल्कि रोजमर्रा की सफाई की आदतें भी प्रोत्साहित हो रही हैं।

### रेलवे परिसर रहेगा साफ सुथरा

इस अनोखी पहल की शुरुआत सेक्रो की अध्यक्षा मीनाक्षी शर्मा के नेतृत्व में की गई है। उनका उद्देश्य है कि रेलवे परिसर को साफ-सुथरा रखने के साथ-साथ कर्मचारियों में सफाई के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना पैदा हो। सेक्रो का यह कदम सिर्फ कार्यस्थल की सफाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह समाज को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील और टिकाऊ जीवनशैली अपनाने की दिशा में प्रेरित करने वाला भी है।

Education Time

MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH
(Biology, Maths, Commerce)
Admission Enquiry
HIGHLIGHT
Strong Academic Foundation & Personalized Attention
- Spoken English & Personality Development
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
- Weekly Activity-Based Learning & Skill Development
- Monthly Seminars & Interactive Discussions
- Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221

ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio Arts)
Activity-Based Learning for Pre-Primary
- Creative Classrooms & Play-Based Education
- Sports, Arts & Music for Holistic Growth
- Safe & Nurturing Environment
- Interactive Events & Competitions
- Safe & Reliable Transport with Surveillance
ADMISSION OPEN
NURSERY TO 12TH
Register Now at www.rpsraipur.com
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
ADMISSION ENQUIRY
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur (C.G.) Mo : 95890-85558, 93296-21221, Email : rpsraipur123@gmail.com

Paaras Institute of Education
प्रवेश प्रारंभ
विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त डिस्टेंस & ऑन-लाइन लर्निंग डिप्लोमा कोर्स
विशेषताएं
- डिजिटल क्लासरूम
- अनुभवी शिक्षक
- 100% प्रैक्टिकल ट्रेनिंग
विभिन्न सरकारी नौकरी के लिए जरूरी है एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स
www.paarasinstitute.com
St/Sc/OBC वर्ग के लिए छात्रवृत्ति योजना
- DCA
- PGDCA
- CCA
- Graphic Designing
- Advance Excel
- Typing Classes
DCA
PGDCA
Tally
Add 1 - Near Mahaveer sweets, bhatagaon chowk, Raipur Contact no- 6263903865, 7987018381
Add 2 - Tiranga Chowk, Khud muda road, Amleshwar contact no.- 9111348886, 7879008105

Contact to Add Your School - 79871-19756

ज्योतिष

## कितने दिनों के बाद उतार देना चाहिए कलाई में बंधा कलावा, क्या करना चाहिए



रक्षासूत्र या कलावा को हिंदू धर्म में सुख-समृद्धि का कारक माना जाता है। मान्यता है कि, इसे कलाई में बांधने से सकारात्मकता बनी रहती है। वैदिक परंपरा में कलावा पहनने और उतारने के नियम भी बताए गए हैं। हिंदू धर्म में लाल और पीले रंग के कलावा, रक्षासूत्र या मौली का प्रयोग पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठान आदि के दौरान किया जाता है. भारतीय संस्कृति में यह परंपरा सदियों से चली आ रही है। पूजा के दौरान इसे हाथ में बांधना भी शुभ माना जाता है। हिंदू धर्म में लाल और पीले रंग के कलावा, रक्षासूत्र या मौली का प्रयोग पूजा-पाठ या धार्मिक अनुष्ठान आदि के दौरान किया जाता है। भारतीय संस्कृति में यह परंपरा सदियों से चली आ रही है. पूजा के दौरान इसे हाथ में बांधना भी शुभ माना जाता है।

**लाल-पीले रंग का ग्रहों से संबंध :** कलावा का लाल और पीले रंग का संबंध ज्योतिष में मंगल और गुरु से बताया गया है। कलावा का लाल रंग ऊर्जा और समृद्धि को बढ़ाता है। वहीं पीला रंग रक्षा करता है और उन्नति में सहायक होता है। कलावा का लाल रंग ऊर्जा और समृद्धि को बढ़ाता है. वहीं पीला रंग रक्षा करता है और उन्नति में सहायक होता है।

**कलावा बांधने और उतारने के कुछ नियम :** कलावा बांधने और उतारने के कुछ नियम भी हैं जैसे कलावा बांधने के कितने दिन बाद इसे उतारना चाहिए। कलावा उतारने के बाद क्या करना चाहिए। नियमों का पालन न करने पर कलावा के शुभता का प्रभाव कम हो सकता है। ज्योतिषाचार्य बताते हैं कि, कलावा का सकारात्मक प्रभाव 21 दिनों के बाद समाप्त हो जाता है। इसलिए कलावा को 21 दिन बाद कलाई से उतार देना चाहिए और फिर किसी शुभ मुहूर्त में दोबारा से आप नया कलावा कलाई पर बांध सकते हैं।

**21 दिन के बाद कलावा का नकारात्मक प्रभाव :** कई लोग महीनों तक कलाई में कलावा बांधे रहते हैं या फिर पुराने कलावा के ऊपर ही नया कलावा बांध लेते हैं, जोकि उचित नहीं है। 21 दिनों से अधिक समय तक कलावा हाथ में बंधे रहने पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ने लगता है। कलावा कच्चे सूत का बना होता है और बड़ी आसानी से प्रकृति में मिल जाता है। इसलिए 21 दिन बाद कलाई से कलावा उताकर किसी अशुद्ध स्थान पर फेंकने के बजाय आप इसे गमले की मिट्टी में दबा दें।

## नाग पंचमी पर शिवलिंग पर चढ़ाएं ये खास चीजें, मिलेगी कालसर्प दोष से मुक्ति



हिंदू पंचांग के अनुसार, हर वर्ष सावन माह की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को नाग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। यह दिन नाग देवता और भगवान शिव की पूजा के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण होता है। इस वर्ष यह पर्व 29 जुलाई को मनाया जाएगा। धार्मिक मान्यता है कि यदि इस दिन श्रद्धा और विधिपूर्वक नाग देवता की पूजा की जाए, तो भगवान शिव की कृपा प्राप्त होती है और साथ ही व्यक्ति को कालसर्प दोष से भी मुक्ति मिल सकती है।

नाग पंचमी का पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है बल्कि यह एक अवसर है शिव कृपा पाने का और जीवन की बाधाओं से छुटकारा पाने का। यदि श्रद्धा और नियमपूर्वक भगवान शिव की पूजा की जाए, तो न केवल कालसर्प दोष से मुक्ति मिल सकती है, बल्कि जीवन में शांति, समृद्धि और सफलता भी प्राप्त होती है।

**नाग पंचमी के दिन शिवलिंग पर क्या चढ़ाना चाहिए :** नाग पंचमी पर भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना करने का महत्व है। विशेष रूप से शिवलिंग पर कुछ खास चीजें चढ़ाना बहुत ही फलदायक माना जाता है। नीचे बताया गया है कि कौन-कौन सी चीजें इस दिन चढ़ानी चाहिए।

**शहदः** नाग पंचमी के दिन शिवलिंग पर शुद्ध शहद चढ़ाना बहुत शुभ माना गया है। शहद चढ़ाने से धन लाभ होता है, परीक्षाओं में सफलता मिलती है, स्वास्थ्य अच्छा रहता है, रोगों से मुक्ति मिलती है।

**कच्चा दूधः** अगर आपकी कुंडली में कालसर्प दोष है, तो नाग पंचमी के दिन कच्चा गाय का दूध शिवलिंग पर चढ़ाना चाहिए। यह उपाय करने से कार्य में सफलता मिलती है, रुके हुए काम पूरे होते हैं, कालसर्प दोष का प्रभाव कम होता है, ब्राह्म मुहूर्त में दूध चढ़ाना विशेष फलदायक होता है।

**धतूराः** धतूरा भगवान शिव का प्रिय फूल माना जाता है। नाग पंचमी के दिन धतूरा चढ़ाने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं, आर्थिक परेशानियां दूर होती हैं, मनोकामना पूर्ण होती है।

**बेलपत्रः** बेलपत्र को भोलेनाथ का अत्यंत प्रिय पत्र माना जाता है। नाग पंचमी पर बेलपत्र अर्पित करने से आर्थिक तंगी से मुक्ति मिलती है, धन-समृद्धि बढ़ती है, घर में सुख-शांति आती है।

**अक्षत, चंदन और फूलः** नाग पंचमी के दिन शिवलिंग पर अक्षत (साबुत चावल), चंदन और फूल चढ़ाना भी बहुत शुभ होता है। चंदन से शिवलिंग पर त्रिपुंड (तीन रेखाएं) बनाएं इससे शिव जी की विशेष कृपा प्राप्त होती है, शारीरिक और मानसिक शांति मिलती है।

**काले तिलः** नाग पंचमी के दिन पानी में काले तिल मिलाकर शिवलिंग का अभिषेक करना विशेष रूप से लाभकारी होता है। ऐसा करने से कालसर्प दोष से छुटकारा मिलता है नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और घर में सकारात्मक वातावरण बनता है।

### बच्चों की सेहत और दिमाग के विकास के लिए सुबह का नाश्ता बहुत जरूरी है

# बच्चों के ब्रेन डेवलपमेंट के लिए झटपट तैयार करें पौष्टिक बेस्ट नाश्ते, पेरेंट्स करें जरूर ट्राई

हर माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे की सेहत और दिमाग दोनों बेहतर बने। इसके लिए वे बच्चों को पौष्टिक और हेल्दी डाइट देने की पूरी कोशिश करते हैं। लेकिन अक्सर यह सोच कर कन्फ्यूज हो जाते हैं कि सुबह के नाश्ते में ऐसा क्या दिया जाए जो बच्चों के दिमाग को तेज करे और उनके शारीरिक विकास में मददगार भी हो। बच्चों की सेहत और दिमाग के विकास के लिए सुबह का नाश्ता बहुत जरूरी है। इन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करें और बच्चों को दें एक बेहतर भविष्य की शुरुआत। हम आपके लिए लेकर आए हैं देसी नाश्तों की लिस्ट जिन्हें रिसर्च भी बच्चों के ब्रेन डेवलपमेंट के लिए फायदेमंद मानती है।



### फाउंडर श्वेता गांधी की सलाह

**मूंग की दाल से बना चीलाः** विशेषज्ञों के अनुसार, सबसे पहला नाश्ता है मूंग दाल का चीला जिसमें पनीर की स्टफिंग हो और जिसे घी में हल्का भुना गया हो। यह नाश्ता प्रोटीन, आयरन और फाइबर से भरपूर होता है, जो बच्चों के दिमाग की बढ़त और फोकस के लिए बहुत अच्छा है।

**बेसन का चीलाः** दूसरे नंबर पर है बेसन का चीला, जिसे हरी चटनी के साथ दिया जाता है। यह भी प्रोटीन और फाइबर का अच्छा स्रोत है। यह नाश्ता बच्चों की गट हेल्थ को मजबूत करता है और दिमागी विकास में सहायक होता है।

**इडली-सांभरः** तीसरे स्थान पर है दक्षिण भारतीय क्लासिक नाश्ता – इडली-सांभर। इसे घी और नारियल की चटनी के साथ दिया जाता है। इडली प्रोटीन का अच्छा स्रोत है, सांभर में फाइबर और कई सब्जियां होती हैं, जबकि नारियल की चटनी में अच्छे फैट होते हैं। यह नाश्ता बच्चों के सम्पूर्ण विकास के लिए बढ़िया माना जाता है।

**एग भुर्जी या पनीर भुर्जीः** अगर बच्चा अंडा खाता है, तो एग भुर्जी एक बढ़िया विकल्प है। और अगर अंडा नहीं खाता, तो पनीर भुर्जी भी उतनी ही हेल्दी होती है। ये दोनों नाश्ते बच्चों के दिमाग के विकास और बेहतर कॉग्निटिव फंक्शन के लिए फायदेमंद हैं।

### रिसर्च ने भी माना है देसी नाश्तों का फायदा

इंडियन जर्नल ऑफ पीडियाट्रिक्स (2021) की रिपोर्ट के अनुसार, इडली, डोसा, पोहा और वेज पराठा जैसे पारंपरिक भारतीय नाश्ते बच्चों के लिए संतुलित डाइट का हिस्सा होते हैं। ये नाश्ते कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और जरूरी पोषक तत्वों का बेहतरीन संयोजन देते हैं। इससे बच्चों के दिमाग और शरीर दोनों का विकास अच्छा होता है।

### बच्चों के ब्रेन डेवलपमेंट के लिए सही नाश्ता जरूरी

ब्रेन डेवलपमेंट के लिए संतुलित आहार बहुत महत्वपूर्ण होता है। ऊपर बताए गए नाश्ते न सिर्फ पौष्टिक होते हैं, बल्कि बच्चों की एकाग्रता, याददाश्त और शारीरिक विकास में भी मदद करते हैं। इसलिए, अगली बार जब बच्चों के लिए नाश्ता बनाएँ तो इन पारंपरिक और पौष्टिक विकल्पों को जरूर शामिल करें।

## प्याज काटते समय आंसू और जलन से बचने के आसान और प्रभावी तरीके

प्याज काटना हर रसोई में रोजमर्रा का काम होता है लेकिन प्याज काटते वक्त आंखों में जलन होना और आंसू आना बहुत आम समस्या है। इसका कारण है प्याज में मौजूद एक रसायन जिसका नाम है सिं-प्रोपेनेथियल-एस-ऑक्साइड। यह रसायन हवा में मिलकर हमारी आंखों तक पहुंचता है और जलन पैदा करता है, जिससे हमारे आंसू निकलने लगते हैं। अब प्याज काटते समय आंसू आने की चिंता करने की जरूरत नहीं है। कुछ आसान और प्रभावी तरीके हैं जिनसे आप बिना किसी परेशानी के प्याज काट सकते हैं। इन तरीकों को अपनाकर आप जलन और आंसू से बच सकते हैं और आराम से काम पूरा कर सकते हैं।



**ठंडे पानी में प्याज भिगोना :** सबसे आसान तरीका है प्याज को काटने से पहले 15 से 30 मिनट तक ठंडे पानी में भिगो देना। आप चाहें तो प्याज को फ्रिज में भी रख सकते हैं। ठंडा पानी प्याज के अंदर मौजूद रसायन को कम एक्टिव कर देता है, जिससे यह हवा में कम फैलता है। इसका असर यह होता है कि रसायन आंखों तक नहीं पहुंच पाते और जलन नहीं होती।

**पानी के नीचे प्याज काटना :** अगर आपके पास प्याज भिगोने का समय नहीं है, तो दूसरा तरीका है प्याज को बहते पानी के नीचे काटना। इसके अलावा आप एक बड़े कटोरे में पानी भरकर उसमें प्याज डालकर भी काट सकते हैं। पानी रसायन को हवा में फैलने से रोकता है और उसे अपने अंदर घोल लेता है। इससे आपकी आंखों को कोई नुकसान नहीं होता। हालांकि, इस तरीके में प्याज थोड़ा फिसलन भरा हो सकता है, इसलिए सावधानी से काटें।

**तेज धार वाला चाकू इस्तेमाल करें :** यह तरीका साधारण लगता है, लेकिन असर बहुत होता है। तेज चाकू से प्याज साफ और जल्दी कटता है, जिससे रसायन कम निकलते हैं। वहीं, धीमे चाकू से काटने पर प्याज के टिशू ज्यादा टूटते हैं, जिससे रसायन ज्यादा मात्रा में हवा में फैलता है और आंखों में जलन होती है। इसलिए हमेशा तेज धार वाला चाकू इस्तेमाल करें।

**मोमबत्ती या पंखा का उपयोग :** प्याज काटते वक्त आसपास की हवा का सही बहाव भी जरूरी होता है। आप जहां प्याज काट रहे हैं, वहां एक जलती हुई मोमबत्ती रख सकते हैं। मोमबत्ती की लौ रसायन को अपनी ओर खींचकर जला देती है। इसके अलावा, एक छोटा टेबल फैन लगाकर हवा को अपनी तरफ या दूर की ओर बहने दें ताकि रसायन आपकी आंखों से दूर चले जाएं।

## हरी मिर्च काटते वक्त जलन से बचने अपनाएं आसान व असरदार घरेलू टिप्स

रसोई में हरी मिर्च काटना एक आम लेकिन परेशान करने वाला काम हो सकता है, खासकर जब मिर्च काटने के बाद हाथों में तेज जलन शुरू हो जाती है। दरअसल, हरी मिर्च में कैप्साइसिन नामक एक तीखा तत्व होता है, जो स्किन के संपर्क में आते ही जलन पैदा करता है। लेकिन घबराने की जरूरत नहीं है, क्योंकि कुछ घरेलू और आसान उपायों से आप इस जलन से पूरी तरह बच सकते हैं।



**हाथों पर तेल या घी लगाएं :** हरी मिर्च काटने से पहले हाथों पर थोड़ा घी या खाना पकाने का तेल लगा लें। यह स्किन पर एक सुरक्षात्मक परत बना देता है, जिससे कैप्साइसिन सीधा त्वचा से नहीं टकराता और जलन नहीं होती। यह उपाय न सिर्फ आसान है बल्कि रसोई में हमेशा उपलब्ध भी होता है।

**दस्ताने पहनें :** अगर आप पूरी तरह सुरक्षित तरीका अपनाना चाहते हैं तो डिस्पोजेबल ग्लव्स या किचन रबर ग्लव्स पहनकर मिर्च काटें। इससे आपके हाथ सीधे मिर्च के संपर्क में नहीं आते और जलन का कोई खतरा नहीं रहता।

**कैंची का इस्तेमाल करें :** जब मिर्च बहुत बारीक काटने की जरूरत न हो, तो कैंची से मिर्च काटना एक बेहतरीन विकल्प है। इससे न सिर्फ मिर्च जल्दी और समान आकार में कट जाती है, बल्कि आपकी उंगलियों का सीधे मिर्च से संपर्क भी नहीं होता। कैंची से काटना तेज, साफ-सुथरा और जलन मुक्त तरीका है।

**चॉपिंग बोर्ड और तेज चाकू का करें इस्तेमाल :** अगर आप चाकू से ही मिर्च काटना पसंद करते हैं, तो एक तेज धार वाला चाकू और चॉपिंग बोर्ड इस्तेमाल करें। मिर्च को हाथ में पकड़ने की बजाय बोर्ड पर रखें और तेजी से काटें ताकि हाथों का मिर्च से संपर्क कम से कम हो। काटने के बाद हाथों को तुरंत साबुन से धोना न भूलें।

**जलन होने पर ठंडे पानी का इस्तेमाल करें :** अगर किसी वजह से आपके हाथों में जलन हो ही गई है तो तुरंत ठंडे पानी में हाथ डुबोएं। चाहें तो पानी में थोड़ा सा नमक या सिरका मिला सकते हैं। इससे कैप्साइसिन का असर कम हो जाता है और जलन से राहत मिलती है।



## पहली बार प्रेग्नेंट हैं तो जान लें कंसीव करने के बाद कितने महीने से दिखना शुरू होता है पेट

जब कोई महिला पहली बार मां बनने वाली होती है तो उसके लिए हर बदलाव नया और खास होता है। खासतौर पर शरीर में होने वाले बदलावों को लेकर बहुत सी बातें और सवाल मन में आते हैं। पहली बार प्रेग्नेंट महिला के लिए यह जानना जरूरी होता है कि बेबी बंप कब और कैसे दिखना शुरू होता है। इस लेख में हम विस्तार से बताएंगे कि पहली बार मां बनने पर बेबी बंप कब नजर आने लगता है और इसके बारे में क्या-क्या बातें समझनी चाहिए।

**हर किसी का समय अलग-अलग, घबराएं नहीं :** पहली बार मां बनने वाली महिलाओं के लिए बेबी बंप दिखना एक खास और यादगार पल होता है। हालांकि यह हर किसी में अलग-अलग समय पर होता है, लेकिन इसे लेकर घबराने की जरूरत नहीं होती। सही खान-पान, आराम और डॉक्टर की देखरेख से स्वस्थ गर्भावस्था सुनिश्चित की जा सकती है। इसलिए, धैर्य रखें और अपने शरीर के बदलावों का आनंद लें।

**बेबी बंप कब दिखना शुरू होता है :** आमतौर पर पहली बार मां बनने वाली महिलाओं में बेबी बंप 12 से 16 सप्ताह के बीच दिखने लगता है। हालांकि यह समय हर महिला के शरीर, वजन और शारीरिक बनावट के अनुसार अलग-अलग हो सकता है। कुछ महिलाओं को पहले ही 12 सप्ताह में बंप दिखने लगता है, तो कुछ में यह 16 से 20 सप्ताह तक भी नहीं दिखता।

**शरीर में बदलाव का कारण :** प्रेग्नेंसी के दौरान गर्भाशय में बच्चे के विकास के कारण पेट का आकार धीरे-धीरे बढ़ने लगता है। शरीर में हार्मोनल बदलाव भी होते हैं जो पेट के मसल्स और स्किन को फैलने में मदद करते हैं। यही कारण है कि धीरे-धीरे बेबी बंप दिखने लगता है।

**पहली बार बंप क्यों देर से दिखता है :** पहली बार मां बनने वाली महिलाओं में पेट की मसल्स काफी टाइट होती हैं, इसलिए बेबी बंप जल्दी नहीं दिखता। दूसरी या तीसरी बार प्रेग्नेंसी में मसल्स पहले ही थोड़ा फैल चुके होते हैं, इसलिए बंप जल्दी नजर आता है। इसलिए पहली बार गर्भवती महिलाओं को थोड़ा धैर्य रखना पड़ता है।



### बेबी बंप दिखने का असर कपड़ों पर

जैसे ही बेबी बंप दिखना शुरू होता है, महिलाओं को अपने कपड़ों में बदलाव करना पड़ता है। टाइट फिट कपड़े या कमर के पास कसने वाले कपड़े पहनने में असुविधा हो सकती है। इसलिए आरामदायक और फ्लोई कपड़े पहनना बेहतर रहता है।

**शरीर के साथ मानसिक बदलाव भी आते हैं :** जब बेबी बंप दिखने लगता है, तब महिलाओं के अंदर मां बनने की भावना और भी गहराती है। इस समय महिलाओं को मानसिक रूप से भी संभालना जरूरी होता है, क्योंकि कई बार शरीर में बदलाव के कारण चिंता या तनाव भी हो सकता है।

**डॉक्टर से नियमित जांच जरूरी :** बेबी बंप दिखने के बाद गर्भावस्था की नियमित जांच बेहद जरूरी होती है। इससे बच्चे के विकास की सही जानकारी मिलती है और मां की सेहत भी बनी रहती है। डॉक्टर की सलाह से सही डाइट और एक्सरसाइज भी की जानी चाहिए।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement
79871 19756
90981 38778

UNLIMITED QUALITY FOOD
NEW MENU EVERY DAY
MONDAY TO FRIDAY
12:00 PM TO 3:30 PM
DELICIOUS THAALI STARTING
21TH JULY 2025
₹299/- ONLY
White Bowl, Hotel Allnear Rishabh
Complex MG Rd. Raipur, Mob.: 9171500051,9171500052

पटेल बोरवेल्स
मोटर बाइंडिंग किया जाता है
Kirloskar TEXMO C.R.I. PUMPS
रिंग रोड नं. -1 संतोषी नगर चौक, बोरिया रोड रायपुर (छ.ग.)
9200003357 ★ 7999898750

पैसा चाहिए ? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किश्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कॉलोनी, तेलीबांधा, रायपुर

मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कमबेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रूई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रूई भंडार
निराकांरी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाऊन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

BIG BULL
ई- रिक्शा & ई-लोडर
1.5 टन लोडिंग क्षमता
5 बैटरी - 150KM की रेंज
• स्टाइलिश लुक्स-कलर
• अत्याधुनिक सस्पेंशन-शॉकअप
• ब्लूटूथ साउंड सिस्टम के साथ
• बैक कैमरा के साथ • ज्यादा स्पेस, ज्यादा सुविधा
• बैंक फाइनेंस (तत्काल फाइनेंस) • कम से कम डाउन पेमेंट • R.T.O. द्वारा सब्सिडी
डीलर : शुभ मार्केटिंग भनपुरी, रायपुर (छ.ग.)
+91 98266 95200, 72240 03520
महिंद्रा शोरूम के बाजू में, भनपुरी चौक, रायपुर (छ.ग.)

सिंघम ई-रिक्शा एवं ई-कार्ट
शिवनारायण गुप्ता (शिव भोले)
24 घंटे गाड़ी उपलब्ध
93002 42718
97547 16618
श्री द्वारिका बोरवेल्स
सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता एवं भूजल सर्वेक्षण
5"6"7" बोर करवाने हेतु संपर्क करें
रिंग रोड नं.1, कुशालपुर चौक, भारत ट्रेडर्स के पास, रायपुर (छ.ग.)
नोट : प्लॉट एवं मकान खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## एंजेलिना जोली की बेटी ने पार्टनर के साथ रहने के लिए छोड़ा घर, एक्ट्रेस की बढ़ गई टेंशन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एंजेलिना जोली अपनी बेटी को लेकर इस वक्त परेशान हैं। हाल ही में बेटी ने उनका घर



छोड़कर अपनी गर्लफ्रेंड डांसर केओनी रोज के साथ रहना शुरू कर दिया है। इस बात से एंजेलिना जोली नाराज हैं। रडार ऑनलाइन की एक रिपोर्ट्स के मुताबिक एंजेलिना जोली अपनी बेटी के इस फैसले से खुश नहीं है। कहा जा रहा है कि एंजेलिना की बेट शिलोह पिछले कुछ हफ्तों से अपनी गर्लफ्रेंड के साथ रह रही है। दरअसल, एंजेलिना चाहती हैं कि बच्चे उनके साथ ही रहें। वह चाहती हैं कि उनके बच्चे एक सुरक्षित माहौल में रहें। एंजेलिना जोली और ब्रैड पिट ने छह बच्चे हैं। मैडॉक्स, पैक्स, जहरा, शिलोह और दो जुड़वां बच्चे नॉक्स और विविएन हैं। कई साल पहले ब्रैड पिट और एंजेलिना जोशी का तलाक हुआ। सभी बच्चे एंजेलिना के साथ रहते हैं। कुछ हॉलीवुड मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शिलोह का गर्लफ्रेंड के साथ रहना ब्रैड पिट को भी रास नहीं आ रहा है। वह भी बेटी को लेकर टेंशन में हैं। मगर इस इसके लिए बहुत हद तक एंजेलिना को जिम्मेदार मानते हैं। पिछले साल नवंबर में शिलोह और केओनी रोज को साथ देखा गया था, तभी से इनके रिलेशनिशप को लेकर अटकलें लगनी लगीं। दोनों को साथ में कई मौकों पर बाद में भी देखा गया। अब ये दोनों साथ रहने लगी हैं। इससे इनका अफेयर कंफर्म हो गया है।

### टॉलीवुड

## उस्ताद भगत सिंह में श्रीलीला के बाद हुई इस साउथ एक्ट्रेस की एंट्री

पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' में श्रीलीला मुख्य अभिनेत्री के तौर पर नजर आएंगी। लेकिन अब ताजा जानकारी के



अनुसार, फिल्म में श्रीलीला के अलावा भी एक और साउथ एक्ट्रेस की एंट्री हो गई है। पवन कल्याण की फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' की शूटिंग जोर-शोर से चल रही है। निर्माता इस महीने के आखिर तक पवन कल्याण के हिस्से की शूटिंग पूरी करना चाहते हैं। साथ ही, उनके जन्मदिन पर एक खास टीजर भी रिलीज करने की योजना है। श्रीलीला इस एक्शन ड्रामा में मुख्य अभिनेत्री हैं। स्क्रिप्ट में एक और नायिका की जगह है। राशि खन्ना दूसरी मुख्य नायिका हो सकती हैं। राशि पहले साईं धर्म तेज और वरुण तेज के साथ मेगा कैंप की सफल फिल्मों में काम कर चुकी हैं। प्रशंसक इस खबर से उत्साहित हैं, हालांकि, आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है। फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' में पवन कल्याण और श्रीलीला के अलावा आशुतोष राणा, गौतमी, नागा महेश, टेम्पर वामसी और केजीएफ फेम अविनाश भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण मैथरी मूवी मेकर्स कर रहे हैं। फिल्म का शानदार संगीत देवी श्री प्रसाद दे रहे हैं। इस फिल्म के अलावा पवन कल्याण फिल्म 'हरि हर वीर मल्लु' में नजर आएंगे। यह एक एतिहासिक एक्शन एडवेंचर फिल्म है। इस फिल्म को कृष जगरलामुदी और ए.एम. ज्योति कृष्णा ने लिखा और निर्देशित किया है। यह एक महान डाकू के ऊपर आधरित है। इस फ़िल्म में पवन कल्याण के अलावा बॉबी देओल, निधि अग्रवाल, नोरा फतेही और विक्रमजीत विर्क ने मुख्य भूमिका निभाई हैं।

### भोजपुरी

## मोनालिसा की फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शुरू हुई शूटिंग

महाकुंभ में माला बेचकर चर्चा में आईं मोनालिसा अब स्टार बन चुकी हैं। उनकी फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग भी शुरू हो चुकी है, जिसे डायरेक्टर सनोज मिश्रा बना रहे हैं। इसकी शूटिंग इटावा में शुरू हो गई है। इस फिल्म में मोनालिसा एक आर्मी अफसर की बेटी का किरदार निभाएंगी, जो पिता के लिए संघर्ष करती है और डिफेंस में जाने का सपना देखती है। 'द डायरी



ऑफ मणिपुर' के प्रोड्यूसर धीरेन्द्र चौबे हैं। फिल्म में मोनालिसा के साथ अमित राव, दिनेश त्रिवेदी और अभिषेक त्रिपाठी भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। फिल्म की शूटिंग इटावा के राजा सुमेर सिंह किला में हो रही है। 'द डायरी ऑफ मणिपुर' के गाने सनोज मिश्रा ने लिखे हैं और अन्नु प्रिया ने गाए हैं, वहीं म्यूजिक शेखर संतोष ने दिया है। यह फिल्म मणिपुर की सच्ची घटनाओं पर आधारित है, जिसमें एक लव स्टोरी और बेटी के संघर्ष को दिखाया जाएगा। फिल्म की शूटिंग देवी मां के मंदिर में नारियल तोड़कर शुरू की गई। सनोज मिश्रा ने 'द डायरी ऑफ मणिपुर' के सेट से कुछ तस्वीरें अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर कीं, और लिखा, 'जनता जनार्दन की जय हो। सत्य की जय हो। विरोधियों साजिशकर्ताओं को सद्बुद्धि मिले और सभी को समुचित जवाब मिले। इसी आशा और उम्मीद के साथ मोनालिसा की फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग शुरू कर दी है। ये सब आप लोगों की शुभकामनाओं से संभव हो पाया है, नहीं तो लोग कह रहे थे कि मेरी कहानी खत्म है...'। 'जबकि कहानी अब शुरू हो रही है। एक विशाल सिनेमा का उदय हो रहा है, जिसके पर्दे के पीछे की कहानी बॉलीवुड में हमेशा याद की जाएगी कि एक डायरेक्टर को झूठे रेप केस में फंसाया गया, लेकिन फिर भी कारवां नहीं रुका। जेल से आकर तुरंत फिल्म शुरू करना मेरे लिए बहुत बड़ा चैलेंज था। इसके लिए हमारी टीम ने रात-दिन मेहनत की और अब परिणाम आपके सामने है सभी अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखिए।'

## सावन का महीना, और हरे रंग की साड़ी

### लाइफ स्टाइल




सावन का महीना है, और हरे रंग की साड़ी न पहनी जाए, ऐसा तो हो नहीं सकता। ऐसे में आप जान्हवी कपूर से टिप्स लेकर ऐसी बांधनी प्रिंट की साड़ी कैरी कर सकती हैं। हरे रंग की साड़ी के साथ स्लीवलेस ब्लाउज पहनें और लुक को चोकर के साथ कंप्लीट करें। इसके साथ बालों में ढीली-ढीली चोटी बनाएं, ताकि आपका लुक अच्छा दिखे।

## हर दिन झड़ते बालों से परेशान हैं तो अपनाएं आसान घरेलू नुस्खे

आजकल मॉनसून का मौसम है और इसी दौरान बालों की समस्याएं भी बढ़ जाती हैं। नमी और वातावरण में बदलाव की वजह से हेयर फॉल यानी बालों का झड़ना आम हो गया है यह समस्या महिलाओं और पुरुषों दोनों को परेशान कर सकती है। लेकिन इसके लिए ज्यादा झिझकने या महंगे उत्पादों की जरूरत नहीं है।

**प्रतिदिन करें प्राण मुद्रा :** प्राण मुद्रा एक खास योग मुद्रा है जो शरीर की ऊर्जा को संतुलित करती है और बालों की जड़ों तक बेहतर ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद करती है। इस मुद्रा को करने के लिए आप अनामिका (रिंग फिंगर) और कनिष्ठा (लिटिल फिंगर) को अंगूठे से मिलाएं, जबकि बाकी दो उंगलियों को सीधा रखें। रोजाना सिर्फ 10 से 15 मिनट इस मुद्रा को अपनाने से बालों का झड़ना धीरे-धीरे कम हो सकता है और स्कैल्प को गहराई से पोषण मिलता है।

**हेड टैपिंग अपनाएं :** हेड टैपिंग यानी सिर की त्वचा को हल्के-हल्के उंगलियों से थपथपाना एक आसान लेकिन असरदार तकनीक है। यह तरीका ब्लड सर्कुलेशन को बढ़ाता है जिससे बालों की जड़ें मजबूत होती हैं और झड़ने की समस्या में राहत मिलती है। इस



तकनीक को अपनाने के लिए दिन में कम से कम 5 से 10 मिनट अपने सिर की त्वचा को हल्के हाथों से टैप करें। इससे स्कैल्प में ब्लड फ्लो सुधरता है और बालों को पोषण बेहतर तरीके से मिल पाता है।

**रिवर्स कॉम्बिंग करें :** रिवर्स कॉम्बिंग एक ऐसी तकनीक है जिसमें बालों को उनकी सामान्य दिशा से उल्टी ओर यानी नीचे से ऊपर की ओर कंघी किया जाता है। यह तरीका खासतौर पर बालों की जड़ों में रक्त संचार को बेहतर करने में मदद करता है। साथ ही इससे स्कैल्प की नमी भी संतुलित रहती है और बाल टूटने से भी बचते हैं। इस तकनीक को दिन में 1 से 2 बार अपनाएं, लेकिन ध्यान रखें कि कंघी हल्के हाथों से करें और बालों को खींचे नहीं।

### तनाव भी बाल झड़ने की है एक मुख्य वजह

तनाव भी बाल झड़ने की एक बड़ी वजह बन सकता है। जब हम स्ट्रेस में होते हैं, तो शरीर में ऐसे हार्मोन निकलते हैं जो बालों की जड़ों को कमजोर कर देते हैं। इसलिए रोजाना कुछ समय मेडिटेशन या गहरी सांस लेने की तकनीक अपनाएं। चाहें तो सुबह-सुबह टहलना या हल्की योगासन की मदद से दिमाग को शांत करें। इससे न केवल मानसिक शांति मिलेगी, बल्कि बालों की सेहत भी सुधरेगी। प्राण मुद्रा से ऊर्जा और जड़ें मजबूत होती हैं। हेड टैपिंग से ब्लड फ्लो बढ़ता है। रिवर्स कंघी से नमी संतुलन बना रहता है और बालों की मजबूती बढ़ती है।

## साधारण सलवार-सूट को त्योहार का परिधान बनाएं, जब पहनेंगी तो लगेंगी बेहतरीन

फैशन



त्योहारों का मौसम नजदीक है और हर किसी को अपने कपड़ों को लेकर चिंता सताने लगती है कि क्या पहना जाए, खासकर महिलाओं को त्योहारों पर क्या पहनना चाहिए, यह एक बड़ा सवाल होता है। अगर आपके पास कोई साधारण सलवार सूट है और वह थोड़ा उबाऊ सा लग रहा है तो उसे नए अंदाज में पहनकर आप त्योहार का मजा ले सकती हैं। आइए कुछ आसान और प्रभावी तरीके जानते हैं।

**कढ़ाई का जादू :** अगर आपका पुराना सलवार सूट थोड़ा फीका पड़ गया है तो उसे कढ़ाई से नया रूप दिया जा सकता है। आप सूट के पल्लू, बाजू या फिर गले पर हल्की-फुल्की कढ़ाई करवा सकती हैं। इससे आपका सूट तुरंत ही आकर्षक लगने लगेगा। इसके अलावा आप सूट के नीचे और बाजुओं पर भी हल्की कढ़ाई करवा सकती हैं, जिससे वह और भी खास लगेगा।

**साटन या जरी बॉर्डर लगाएं :** साटन या जरी बॉर्डर लगाकर भी आप अपने पुराने सलवार सूट को नया रूप दे सकती हैं। बस ध्यान रखें कि बॉर्डर का रंग आपके सूट से मेल खाता हो ताकि वह अच्छा लगे। साटन का बॉर्डर आपके सूट को एक शाही लुक देगा, वहीं जरी बॉर्डर उसे और भी आकर्षक बनाएगा। यह तरीका न केवल आपके पुराने सूट को नया रूप देगा, बल्कि उसे त्योहारों के लिए भी उपयुक्त बना देगा।

**लटकन का उपयोग करें :** लटकन का उपयोग आपके पुराने सलवार सूट को नया और त्योहारों का लुक देने में मदद कर सकता है। आप अपनी सलवार या कुर्ते के किनारों पर लटकन को जोड़ सकती हैं। यह न केवल आपके कपड़े को खास बनाता है बल्कि उसे और भी आकर्षक दिखाता है।इसके अलावा आप अपनी दुपट्टे पर भी हल्की सी लटकन को जोड़ सकती हैं, जिससे आपका पूरा लुक और भी मनोहर लगेगा। यह तरीका आपके परिधान को नया रूप देगा।

**अलग-अलग रंगों का मेल :** अगर आपका पुराना सलवार सूट एक ही रंग का है तो आप उसके साथ अलग-अलग रंगों की पैंट या दुपट्टा मिलाकर पहन सकती हैं। इससे आपका लुक नया और ताजा लगेगा। उदाहरण के लिए नीले रंग का कुर्ता, सफेद पैंट और नारंगी दुपट्टा या फिर हरे रंग का कुर्ता, क्रीम पैंट और गुलाबी दुपट्टा। इसके अलावा आप अलग-अलग रंगों की पट्टियों का भी इस्तेमाल कर सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा।

**गहनों का सही चयन करें :** गहने आपके पूरे लुक को पूरा करते हैं इसलिए सही चयन करना जरूरी है। अगर आपका सूट साधारण दिख रहा हो तो बड़े झुमके, चूड़ियां और मांगटीका पहनें। इससे आपका लुक बहुत ही खास लगेगा।

## फ्लोरल प्रिंट वाली सफेद कुर्ती के साथ अच्छे लगते हैं ये बॉटमवियर

फ्लोरल प्रिंट वाली सफेद कुर्ती महिलाओं की अलमारी में यह एक अहम हिस्सा है। फ्लोरल प्रिंट वाली सफेद कुर्ती न केवल देखने में अच्छी लगती है, बल्कि इसे पहनने से आप ताजगी और सुंदरता का अनुभव भी करती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे बॉटमवियर के बारे में बताएंगे, जो फ्लोरल प्रिंट वाली सफेद कुर्ती के साथ पहने जा सकते हैं और आपका लुक और भी खास बना सकते हैं।

**प्लेन पैंट्स :** फ्लोरल प्रिंट वाली सफेद कुर्ती के साथ प्लेन पैंट्स पहनना एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह मेल आपको एक साफ-सुथरा और पेशेवर लुक देगा। आप सफेद या हल्के रंग की पैंट्स चुन सकती हैं, जो आपकी फ्लोरल प्रिंट वाली सफेद कुर्ती से मेल खाएं। इससे आपका पूरा लुक संतुलित और आकर्षक लगेगा। यह पहनावा न केवल ऑफिस के लिए उपयुक्त है, बल्कि खास मौकों पर भी यह अच्छा लगता है।




**जींस :** अगर आप रोजमर्रा के उपयोग के लिए कुछ आरामदायक और स्टाइलिश ढूंढ रही हैं तो जींस एक अच्छा विकल्प हो सकता है। फ्लोरल प्रिंट वाली सफेद कुर्ती के साथ नीली या काली जींस बहुत अच्छी लगती है। यह मेल आपको सहज और आरामदायक लुक देगा, जिससे आप हर दिन ताजगी महसूस करेंगी। जींस के साथ यह मेल न केवल देखने में अच्छा लगता है, बल्कि इसे पहनने से आप सहज भी महसूस करेंगी।

**वाइड लेग पैंट्स :** वाइड लेग पैंट्स भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है, जो आपकी फ्लोरल प्रिंट वाली सफेद कुर्ती के साथ बहुत अच्छी लगेगी। वाइड लेग पैंट्स के साथ यह मेल आपको एक आधुनिक और फैशनेबल लुक देगा, जिससे आप हर मौके पर खास दिखेंगी। आप हल्के रंग की वाइड लेग पैंट्स चुन सकती हैं, जो आपकी फ्लोरल प्रिंट वाली सफेद कुर्ती से मेल खाएं। इसके साथ हल्के गहने पहनें ताकि आपका लुक ज्यादा बनावटी न लगे।

## हर महिला की अलमारी में होने चाहिए ऐसे ट्राउजर जिनको जब पहनें तब दिखें लाजवाब

आजकल बाजार में महिलाओं के लिए कई तरह के ट्राउजर मौजूद हैं। ये ट्राउजर न केवल आरामदायक होते हैं, बल्कि स्टाइलिश भी दिखाते हैं। सही ट्राउजर चुनने से आप हर मौके पर बेहतरीन दिख सकती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ट्राउजर के बारे में बताएंगे, जो हर महिला की अलमारी में होने चाहिए और जिन्हें आप अलग-अलग मौकों पर पहन सकती हैं। इन ट्राउजर को पहनकर आप आरामदायक और स्टाइलिश दिखेंगी।

**कुलोट्स ट्राउजर :** कुलोट्स ट्राउजर एक ऐसा विकल्प है, जो आरामदायक होने के साथ-साथ बहुत सुंदर भी दिखता है। ये ट्राउजर घुटनों तक आते हैं और नीचे की ओर थोड़े ढीले होते हैं। इन्हें आप किसी भी साधारण टॉप या शर्ट के साथ पहन सकती हैं। कुलोट्स ट्राउजर ऑफिस, पार्टी या किसी भी



खास मौके पर पहने जा सकते हैं।

**पेपरबैग ट्राउजर :** पेपरबैग ट्राउजर अपनी ऊपरी हिस्से पर बेल्ट या रबर बैंड होते हैं, जिससे ये कमर पर अच्छी तरह फिट होते हैं। इनकी खासियत ये है कि ये कमर से लेकर पैरों तक ढीले होते हैं, जिससे चलने में कोई दिक्कत नहीं होती है। इन्हें आप किसी भी साधारण टी-शर्ट या ब्लाउज के साथ पहन सकती हैं। पेपरबैग ट्राउजर ऑफिस, कॉलेज या दोस्तों के साथ बाहर जाने के लिए बेहतरीन विकल्प हैं।

**वाइड-लेग ट्राउजर :** वाइड-लेग ट्राउजर आजकल बहुत चलन में हैं। ये ट्राउजर कमर से लेकर पैरों तक ढीले होते हैं, जिससे आपको पूरा दिन आरामदायक महसूस होता है। इन्हें आप किसी भी साधारण टॉप या शर्ट के साथ पहन सकती हैं। वाइड-लेग ट्राउजर ऑफिस, कॉलेज या दोस्तों के साथ बाहर जाने के लिए बेहतरीन विकल्प हैं।

**फॉर्मल ट्राउजर :** फॉर्मल ट्राउजर ऑफिस या किसी औपचारिक मौके के लिए सबसे अच्छे होते हैं। इनकी फिटिंग बहुत अच्छी होती है और ये आपको पेशेवर दिखाते हैं। इन्हें आप किसी भी औपचारिक शर्ट या ब्लाउज के साथ पहन सकती हैं। फॉर्मल ट्राउजर आपकी पेशेवर छवि को बेहतर बनाते हैं और आपको आत्मविश्वास देते हैं। इनकी खासियत यह है कि ये आपको एक पेशेवर लुक देते हैं और साथ ही पूरे दिन आरामदायक भी रखते हैं।

कार्नर न्यूज

### न केवल आरामदायक होती है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखती है

## फ्लेयर ड्रेस को स्टाइल करने के लिए अपनाएं ऐसे तरीके जिससे लगेंगी सबसे अलग

फ्लेयर ड्रेस एक ऐसा परिधान है, जो हर महिला की अलमारी में होना चाहिए। यह न केवल आरामदायक होती है, बल्कि स्टाइलिश भी दिखती है। फ्लेयर ड्रेस को सही तरीके से स्टाइल करने से आप हर मौके पर खास दिख सकती हैं। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे फैशन टिप्स देंगे, जिनसे आप फ्लेयर ड्रेस को और भी ज्यादा आकर्षक बना सकती हैं और हर अवसर पर बेहतरीन दिख सकती हैं।



### सही फुटवियर्स का चयन करें

फ्लेयर ड्रेस के साथ सही फुटवियर्स का चयन करना बहुत जरूरी है। अगर आप पार्टी में जा रही हैं तो हील्स फुटवियर पहनें, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा, वहीं अगर आप किसी रोजमर्रा की आउटिंग पर जा रही हैं तो फ्लैट्स या आरामदायक जूते पहन सकती हैं। इससे न केवल आपका लुक बेहतर लगेगा बल्कि आप आरामदायक भी महसूस करेंगी। सही फुटवियर्स से आपका पूरा लुक निखर आता है और आप हर मौके पर आकर्षक दिखती हैं।

### एक्सेसरीज का चयन सोच-समझकर करें

एक्सेसरीज का चयन करते समय ध्यान रखें कि वे आपकी फ्लेयर ड्रेस के साथ मेल खाएं। भारी एक्सेसरीज पहनने से बचें क्योंकि इससे आपका लुक ज्यादा बनावटी लग सकता है। हल्की और सुंदर एक्सेसरीज जैसे कि छोटे झुमके, पतली चूड़ियां या एक साधारण हार आपके लुक को पूरा करेंगे। इससे न केवल आपका लुक संतुलित रहेगा बल्कि आप हर मौके पर आकर्षक और स्टाइलिश दिखेंगी।

### बालों की स्टाइल पर दें ध्यान

फ्लेयर ड्रेस के साथ बालों की स्टाइल का मेल बहुत अहम होता है। अगर आपकी ड्रेस बिना बाजू की है तो आप खुले बाल रख सकती हैं, जिससे आपका लुक और भी खास लगेगा, वहीं अगर आपकी ड्रेस बाजू वाली है तो बालों को बांधकर ऊपर की ओर करें ताकि आपका चेहरा साफ नजर आए। इससे न केवल आपका लुक बेहतर लगेगा बल्कि आप हर मौके पर आकर्षक दिखेंगी। सही बालों की स्टाइल से आपका पूरा पहनावा निखर आता है।



### मेकअप को संतुलित रखें

मेकअप करते समय संतुलन बनाए रखना बहुत जरूरी है। अगर आपकी फ्लेयर ड्रेस गहरे रंग की है तो हल्का मेकअप करें, जिसमें केवल लिपस्टिक और काजल ही काफी होगा, वहीं अगर आपकी ड्रेस हल्के रंग की है तो थोड़ी ज्यादा मेकअप कर सकती हैं, जैसे कि आंखों पर लाइनर और लिपस्टिक। इससे आपका लुक संतुलित रहेगा और आप हर मौके पर आकर्षक दिखेंगी। सही मेकअप से आपका पूरा लुक निखर आता है और आप हर अवसर पर खास दिखती हैं।